दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। शनिवार 29 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 260 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

समाजवादी विचारधारा के पुरोधा सियासी शुचिता के प्रवर्तक रामगोपाल यादव को 78 वें जन्मदिन की बधाई

गांव के भवन से लेकर संसद के सदन तक रहा है पूरा जीवन बेदाग और निर्भीक तरीके से रखी है बात

प्रोफेसर रामगोपाल यादव के 78 वें जन्मदिन पर विशेष

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी विचारधारा के सबसे बड़े चिंतक प्रोफेसर रामगोपाल यादव का आज 78 वां जन्मदिन है। राजनीतिक शुचिता के साथ समाजवादी विचारधारा के चिंतक प्रोफेसर रामगोपाल यादव उन नेताओं में हैं जिन्होंने अपने सियासी जीवन की लंबी पारी बिना किसी आरोप के पूरी की है। ग्राम पंचायत से अपने राजनैतिक सफर को शुरू करने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने पहली बार 1992 में राज्यसभा में कदम रखा था। सरकार और विपक्ष दोनों में नेता रहे हैं। सड़क से लेकर सदन तक का अनुभव है।

बड़ी बात यह है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिन नेताओं ने देश और समाज को एक नया चिंतन और एक नई विचारधारा दी है, उनमें प्रोफेसर रामगोपाल यादव का नाम लिया जाता है। देश दुनिया की हर खबर से बाखबर रहने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव उन नेताओं में हैं जिन्हें हिंदुस्तान के किसान, मजदूर की हर समस्या का पूरा ज्ञान है। वह उस दर्द को शिद्दत से महसूस करते हैं और यह बात उनके भाषणों से लेकर जीवन की कार्यशैली में भी दिखाई देती है। रहनुमा तो बहुत हुए हैं लेकिन प्रोफेसर रामगोपाल यादव जैसी शख्सियत सदियों में पैदा होती है। आज समाजवादी विचारधारा के प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्मदिन है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दी प्रोफेसर रामगोपाल यादव को जन्मदिन की बधाई



करंट क्राइम। राज्यसभा की कार्यवाही के पहले दिन ही उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पूरे मूड में नजर आये। समाजवादी पार्टी के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि एडवांस में बधाई है। क्योंकि बाद में विश करने से अच्छा है कि एडवांस में बधाई दी जाये। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव 1992 से लगातार पांचवी बार राज्यसभा के सदस्य हैं। उपराष्ट्रपति ने प्रोफेसर रामगोपाल यादव का परिचय करवाते हुए सदन में कहा कि अक्षय और अनुपम उनके दो बेटे हैं जबकि अनुराधा उनकी बेटी है। अक्षय लोकसभा के लिए चुने गये हैं और अक्षय का लोकसभा में यह दूसरा टर्म है।

बोले उपराष्ट्रपति हम हैं फिदा प्रोफेसर रामगोपाल यादव की मुस्कान पर

करंट क्राइम। राज्यसभा में कार्यवाही के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ अपने चिर परिचित मूड में नजर आये। प्रोफेसर रामगोपाल यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह प्रोफेसर रामगोपाल यादव की मुस्कान पर फिदा रहते हैं। धनखड़ ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस शैसन में वह मुझे बख्श देंगे।

राजनीति की पाठशाला में प्रोफेसर रहे हैं पूरी तरह से नीट एंड क्लीन

(करंट क्राइम)। उनका सार्वजनिक जीवन पूरी तरह बेदाग रहा है। पेशे से शिक्षाविद प्रोफेसर रामगोपाल यादव संसद में जब किसी विषय पर बोलते हैं तो सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी उनके सारगर्भित, ओजस्वी, तथ्यों और तर्क से भरपूर भाषणों को ध्यान से सुनते हैं। जीवन में बेहद अनुशासित और संयमित रहने वाले प्रो. रामगोपाल यादव को अनुशासनहीनता और उदंडता बिल्कुल पसंद नहीं है। संसद हो या संसद के बाहर, वह बेहद विनम्र, शालीन और मर्यादित आचरण करते हैं। समाजवादी पार्टी ही नहीं दूसरे राजनीतिक दलों के लोग भी उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं। समय के बेहद पाबंद प्रोफेसर रामगोपाल यादव सच्ची और खरी-खरी बात करने वाले इंसान हैं। वह चापलूसों और चाटुकारों से दूर रहते हैं। उनका मानना है कि इंसान के जीवन में समय सबसे अनमोल होता है, एक बार जो समय निकल जाता है। वह वापस लौटकर नहीं आता है। जो लोग समय की कद्र नहीं करते हैं उनसे कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसे लोग जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

प्रोफेसर की राजनीति वाली पाठशाला के टीचर रहे हैं मुलायम सिंह यादव

(करंट क्राइम)। सियासत से नहीं बल्कि विरासत से एक नाता प्रोफेसर रामगोपाल यादव का अपने बड़े भाई समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव से रहा है। मुलायम सिंह यादव से ही प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने राजनीति की प्रथम पाठशाला का अनुभव लिया। समाजवादी सोच को अपनी विचारधारा में समाहित किया। जीवन के ना जाने कितने मोड़ पर मुलायम सिंह यादव ने उनका मार्ग प्रशस्त किया। बीते वर्ष प्रोफेसर रामगोपाल यादव के लिए मुलायम सिंह का जाना वास्तव में एक व्यक्तिगत क्षति थी। 10 अक्टूबर, 2022 को समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। आमतौर पर शांत रहने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव के लिए यह क्षण बेहद भावुक थे। जब मुलायम सिंह यादव को याद कर उनके निधन पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव के आंसू छलक आये थे।

नहीं मिल रहा था कोई उम्मीदवार और प्रोफेसर टाल नहीं सके मुलायम सिंह की बात

(करंट क्राइम)। एक इंटरव्यू के दौरान प्रो. यादव ने कहा था कि वो कभी भी राजनीति में नहीं आना चाहते थे । वो तो पेशे से प्राध्यापक थे। एक दिन नेता जी मुलायम सिंह जीप में आए और बोले कोई भी उम्मीदवार नहीं मिल रहा है तो तुम बसरेहर, इटावा से ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए नामांकन कर आओ । उसे जीतने के बाद फिर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हुआ और तब तक मैं सक्रिय राजनीति में पहुँच चुका था । मुलायम सिंह के परिवार से जुड़े कुछ लोग बताते हैं कि नेताजी ने रामगोपाल यादव की अनुपस्थिति में भी हमेशा उन्हें प्रोफेसर साहब कर संबोधित किया है और खुद कह चुके हैं कि हमारे यहां आगरा विश्विद्यालय तक पढ़ के लौटने वाले रामगोपाल ही सबसे पढ़े लिखे थे । रामगोपाल तब खासे नाराज हो उठते हैं जब उनके पास सिफारिश करवाने की मंशा से लोग पूरी फाइल भेज देते हैं । उनका मानना है कि जो 30 सेकंड में अपनी बात दूसरे को समझा न सके तब दिक्कत है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था राजनीति में चाचा से ज्यादा भावुक कोई नहीं देखा

(करंट क्राइम)। प्रोफेसर रामगोपाल यादव की पुस्तक राजनीति के उस पार के विमोचन अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा था कि मैं जो कुछ भी हूं नेता जी (मुलायम सिंह यादव) की वजह से हूं। नेता जी की वजह से ही आज हम सबका सम्मान है। वहीं पुस्तक का विमोचन करने वाले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चाचा कितने भी कड़क दिखे पर राजनीति में इनसे ज्यादा भावुक नहीं देखा है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव की राजनीति पर मुलायम सिंह की विचारधारा का पूरा असर दिखाई देता है। कई मुद्दों पर विचार और शब्द एक नजर आते हैं। प्रोफेसर रामगोपाल यादव कई मौकों पर कह चुके हैं कि चाहे बेरोजगारी हो, भ्रष्टाचार हो, हमारा देश एक साथ है। पूरे के पूरे सब एक साथ हैं। हमारे देश का विकास होगा, कोई रोक नहीं सकता है। देश की बहुत बड़ी पहचान बन गई है। राज्यसभा में सबने हमारा स्वागत किया। हिंदुस्तान के विकास को कोई रोक नहीं सकता है। हर सेक्टर को लेकर आगे बढ़ना पड़ेगा। देश का विकास नहीं रुक सकता, अगर सब एक रहेंगे। यूपी का बहुत महत्व है। हम एक हैं। यूपी का सबसे ज्यादा महत्व है। यूपी का नाम है। हम जहां भी जाते हैं, लोग मिलने आते हैं।

प्रोफेसर ने कहा था कि वो कभी राजनीति में नहीं आना चाहते थे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव कभी भी राजनीति मे नही आना चाहते थे लेकिन अपने बडे भाई और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव (नेता जी) का आदेश टालने की हिम्मत नही दिखा सके । नेता जी के आदेश के बाद प्रो.यादव ने अपने गृह जिले उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के बसरेहर ब्लाक प्रमुख पद के लिए अपना नामांकन किया और रिकार्ड मतो से जीत हासिल की। साल 1987 मे बसरेहर के ब्लाक प्रमुख बन कर प्रो.यादव ने काग्रेस के पाले से यह सीट सपा के नाम कर ली थी। राजनीति में आने से पहले प्रो.राम गोपाल यादव इटावा मुख्यालय पर स्थित के.के.कालेज में लेक्चरर थे। इसी कालेज से रामगोपाल ने अपना छात्र जीवन भी शुरू किया था। प्रो. यादव का जन्म इटावा जिले के सैफई गांव में 29 जून, 1946 को जन्म हुआ। यह वो दौर था। जब तकरीबन 200 साल बाद हिन्दुस्तान अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होने जा रहा था। देश में स्वतंत्रता आंदोलन निर्णायक स्थिति में पहुंच चुका था। देश के लोगों में आजादी को लेकर एक नयी उमंग थी, एक नया जोश था। रामगोपाल पढ़ाई में हमेशा अव्वल दर्जे के छात्र रहे। उनकी शिक्षा-दीक्षा इटावा, आगरा और कानपुर में हुई। आगरा यूनिवर्सिटी से फिजिक्स में एम एससी और कानपुर यूनिवर्सिटी से पॉलीटिकल साइंस में एम ए करने के बाद पीएचडी की। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद अध्यापन का कार्य शुरू किया। 1969 में वह के.के.पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, इटावा में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता नियुक्त हुए। आगे चलकर वह इसी कालेज में प्रोन्नत होकर रीडर बने। 1994 में वह चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज, हैंवरा, इटावा के प्रधानाचार्य बने। यहां पर उन्होंने 2006 तक अपनी सेवाएं दीं। जीवन में राष्ट्र को सर्वोपरि मानने वाले प्रो. यादव का नाम देश की राजनीति में आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है।

जल भराव की समस्याओं को लेकर बोले पार्षद

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद में 2 दिन से हो रही झमाझम बारिश के दौरान क्षेत्र में जल भराव की समस्या भी उत्पन्न हुई।

इस मामले को लेकर दैनिक करंट क्राइम की टीम ने जब क्षेत्र के पार्षदों से बात की किसी ने बताया नाला चौक, तो कोई बोला 6 पंपों से निकाला जा रहा है वार्ड का पानी, किसी ने कहा 3 फीट तक भरा है सड़क पर पानी, तो कोई बोला मेरे वार्ड में नहीं है जल भराव की समस्या।

काला पत्थर रोड पर नाला चौक होने से जल भराव की समस्याः राधेश्याम त्यागी

करंट क्राइम। इंदिरापुरम के वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया 2 दिन से हो रही बारिश से वार्ड में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है, उन्होंने कहा ऑरेंज काउंटी से लेकर काला पत्थर तक नाला चौक है। काला पत्थर रोड पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिस कारण सड़क का पानी नाले में नहीं जाता है। इस समस्या को लेकर कई बार जीडीए के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है, इस समय जल भराव से जाम की समस्या भी बनी हुई है।

रैपिड के काम के चलते नाला हुआ छोटाः विनय चौधरी

करंट क्राइम। बृज विहार वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी ने बताया 2 दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते वार्ड में जल भराव की समस्या तो उत्पन्न हुई है। लेकिन उन्होंने बताया कि वार्ड में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा 6 पंप लगा रखे हैं। एक पोकलेन तैयार है, जिसके चलते कहीं भी पानी जाम की समस्या नाले में उत्पन्न होती है, तो उसे कचरा साफ कर सके। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा हर समस्या का समाधान के लिए अधिकारियों से बात होती रहती है। वैशाली रैपिड से लिंक रोड थाने तक नाला छोटा है, जिस कारण पीछे पानी अवरोध हो रहा है। इसकी शिकायत नगर निगम को की है, जल्द ही इससे निजात मिलेगी क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

जीटी रोड शानी मंदिर के पास 3 फीट सड़क पर जलभरावः खुर्शीदा बेगम



करंट क्राइम। शहीद नगर वार्ड 34 की पार्षद खुशीर्दा बेगम ने बताया 2 दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते गत रोड पर जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है, जीटी रोड पर जल भराव की समस्या का में कारण है। कि दोनों नाला नहीं है, जिस कारण सड़क पर पानी जाम होने के कारण ट्रैफिक भी जाम होता है। उन्होंने बताया इस जल भराव को लेकर नगर आयुक्त को भी पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। सड़क के दोनो ओर बने नाला।

वार्ड में नहीं कहीं भी जल भराव की समस्याः भूपेंद्र उपाध्याय

करंट क्राइम। झंडापुर वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया दो दिन से हो रही बरसात के चलते वार्ड 41 में कहीं भी जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। उन्होंने कहा छोटी-मोटी कहीं जलभराव की समस्या है। तो वह नगर निगम के अधिकारी तुरंत निकासी के लिए तैयार रहते हैं, उन्होंने कहा वार्ड 41 में काम हो रहे हैं। जिस कारण नही है क्षेत्र में जल भराव की समस्या।

पठानकोट बॉर्डर पर फिर दिखे संदिग्ध आतंकी, पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

पंजाब। पठानकोट-जेएंडके बॉर्डर से सटे गांव कीड़ी गांडियाल में संदिग्ध लोगों के देख जाने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही पुलिस व कमांडो ने गांव कीड़ी गांडियाल और क्लेशर में सर्च ऑपरेशन चलाया। भारत-पाक सीमा और जेएंडके बॉर्डर के पास बसे गांव कोट भट्टियां में तीन दिन पहले दो हथियारबंद संदिग्ध आतंकी देखे गए थे। इसके बाद से पुलिस, बीएसएफ और एसएसजी संदिग्धों को ढूंढ रही है।

बॉर्डर एरिया से सटे गांवों पर सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार को जेएंडके बॉर्डर से सटे गांव कीड़ी गांडियल में एक बार फिर से संदिग्ध देखे गए हैं। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और गांव को चारों तरफ से घेर लिया है। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस व एसओजी कमांडो गांव के सुनसान इलाकों और बंद पड़े घरों की भी तलाशी ले रही है। पठानकोट-जेएंडके बॉर्डर से सटे गांव कीड़ी गांडियाल में संदिग्ध लोगों के देख जाने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी।

व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई जायेगी भामाशाह जयंती : डॉ. अतुल जैन

गाजियाबाद,करंट क्राइम। अपने देश के लिए सर्वस्व दान करने वाले महाराणा प्रताप की सहायता के लिए भामाशाह ने देश की रक्षा के लिए सब कुछ दान कर दिया, उनके जन्म दिवस को उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश पर आज व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यह आयोजन गाजियाबाद के राज्य कर कार्यालय राजनगर के सभागार में अपर आयुक्त दिनेश कुमार मिश्रा के दिशा निर्देश में किया जायेगा। कार्यक्रम में जनपद के सभी व्यापार मंडलों के पदाधिकारी और व्यापारी शामिल रहेंगे।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि इस मौके पर गाजियाबाद जनपद में सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। व्यापार मंडल की ओर से अतुल कुमार जैन ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह व्यापारियों का सम्मान बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कार्य है।

न्यूज डायरी

गोलीकांड मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

मोदीनगर, करंट क्राइम। बीच सड़क पर टैक्ट्रर खड़ा करने को लेकर हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। गोलीकांड मामले में पीड़ित ने तीन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गांव सीकरीखुर्द निवासी तरुण कुमार उर्फ बंटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बुधवार की सांय रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर पड़ोसी अमित पुत्र पदम सिंह से विवाद हो गया था, विवाद के चलते अमित अपने भाई राहुल व नीरज के साथ घर पर आया और जान-माल की धमकी देते हुए राहुल ने बाहर गली में एक हवाई फायर भी किया। घटना को अंजाम देकर फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा भी बरामद कर लिया। फरार दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही हैं।

नवविवाहिता 60 हजार रुपए की नकदी व जेवरात लेकर फरार

मोदीनगर, करंट क्राइम। शादी के 15 दिन बाद ही एक नवविवाहिता 60 हजार रुपए की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गई। युवती की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस नवविवाहिता की तलाश कर रही है।

थानान्तर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 दिन पहले अपनी 20 वर्षीय पुत्री की शादी की थी। वह अब मायके में आई हुई थी। बुधवार को युवती बैंक में पैसे जमा करने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिली। महिला ने बताया कि युवती घर में रखे 60 हजार रुपए की नकदी,जेवरात व अन्य कीमती सामान भी ले गई है। महिला ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तडहरीर दी है।

इंटर की छात्रा लापता, अनहोनी की आशंका

मोदीनगर, करंट क्राइम। 17 वर्षीय इंटर की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर की एक कॉलोनी में एक व्यक्ति परिवार सहित रहता है। उसकी 17 वर्षीय पुत्री इंटर की छात्रा है। पांच जून को छात्रा घर से बाहर किसी काम को गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी जब छात्रा नहीं मिली तो परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

होटल का ताला तोड़ सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर, करंट क्राइम। होटल का ताला तोड़कर बदमाश हजारों रुपए की कीमत का सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। होटल में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है। नगर की संतपुरा कॉलोनी निवासी अनुराधा शर्मा का दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव कादराबाद में पंडितजी नाम से होटल है।

जब महिला सुबह होटल गई तो ताला टूटा हुआ था और सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। महिला ने बताया कि बदमाश बर्तन सहित अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। होटल में दो साल के अंदर चार बार चोरी की वारदात हो चुकी है।

दिल्ली एयरपोर्ट हादसे में मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा है कि सभी घायलों को तीन-तीन लाख रुपए का मुआवजा दिया जायगा। भारी बारिश के बाद शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल वन पर छत गिरने से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर कहा है कि टर्मिनल वन की सभी फ्लाइट रात 11 बजे तक टर्मिनल दो और तीन से जाएंगी और लैंड करेगी। हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने बताया कि हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की गईहै। उन्होंने बताया कि फिलहाल टर्मिनल 1 से सभी उड़ानें निलंबित कर दी गईहैं। सुरक्षा की दृष्टि से चेक-इन काउंटर बंद कर दिये गयेहैं। इंडिगो के अलावा अन्य विमान सेवा कंपनियों की टर्मिनल 1 की उड़ानों को टर्मिनल 2 और 3 पर स्थानांतरित किया जा रहा है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने एक बयान में बताया कि हादसा सुबह लगभग पांच बजे पुराने डिपार्चर फोरकोर्ट पर हुआ।

नीट पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का लोकसभा में जोरदार हंगामा,सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

नई दिल्ली। नीट पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के बाद शुक्रवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो पाई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा बार-बार आग्रह करने और चेतावनी देने के बावजूद विपक्षी दलों का हंगामा और नारेबाजी जारी रही, जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का नाम पुकारा लेकिन नीट पर चर्चा की मांग करते हुए विपक्षी सांसद वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही को जारी रहने देने का आग्रह करते हुए कहा कि सदन की शुरूआत में ही नियोजित तरीके से सदन को नहीं चलने देना सही नहीं है, यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है और सदन चलाने की जिम्मेदारी सबकी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी खड़े होकर कहा कि संसद के इतिहास में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान किसी अन्य विषय पर चर्चा की परंपरा नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के व्यवहार की वे निंदा करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जो भी मुद्दे उठाए जाएंगे, सरकार उन सभी मुद्दों का जवाब देने के लिए तैयार है। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर और केंद्रीय मंत्री दोनों की बातों को नजरअंदाज करते हुए हंगामा जारी रखा। सदन के अंदर जोरदार हंगामा और नारेबाजी जारी रहने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को 1 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले, विपक्षी दलों के हंगामे के कारण शुक्रवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही को थोड़ी देर बाद ही 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा था। शुक्रवार को सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर उन पूर्व सांसदों के निधन पर सदन में शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनका निधन पिछले सत्र के बाद हुआ। इसके बाद जैसे ही स्पीकर के कहने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महत्वपूर्ण पेपर्स को सदन में पेश करना शुरू किया, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के सांसदों ने नीट परीक्षा पर दिए गए स्थगन प्रस्ताव का जिक्र करते हुए स्पीकर से पहले इस पर चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी नीट पर चर्चा कराने की मांग करते हुए सदन में कहा कि नीट पर चर्चा के जरिए वे हिंदुस्तान के विद्यार्थियों को सरकार और विपक्ष की तरफ से संयुक्त संदेश देना चाहते हैं।

लोकसभा की अगली बैठक अब 1 जुलाई को सुबह 11 बजे होगी

दोपहर 12 बजे दोबारा से लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने फिर से नीट पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच एक सदस्य के शपथ ग्रहण को लेकर वे शांत हुए, जिस दौरान पश्चिम बंगाल से नवनिर्वाचित टीएमसी सांसद एसके नुरुल इस्लाम ने संसद सदस्यता की शपथ ली।

देश में अपराधियों के हौसले बुलंद : विदित चौधरी

मोदीनगर, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विदित चौधरी के नेतृत्व में सिंचाई के पानी को लेकर दो पक्षों में हुई गोलीबारी में 2 लोगों की मौत और एक गंभीर रूप से घायल होने की घटना के सम्बंध में घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने को कांग्रेस का प्रतिनिधिमण्डल थाना निवाड़ी अन्तर्गत ग्राम धौलड़ी पहुंचा। प्रतिनिधिमण्डल को मृतक के भाई बिलाल ने सारी घटना की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि पुलिस प्रशासन हमारा सहयोग नहीं कर रहा है और ना ही हमें हमारे बाग में जाने दे रहा, जिसके कारण हमारी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। साथ ही हमारा आयुष्मान कार्ड बना हुआ है लेकिन अस्पताल उक्त कार्ड से इलाल करने को मना कर रहा है। मृतक के भाई ने प्रतिनिधिमण्डल के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि सबसे पहले हमारे परिवार की सुरक्षा और आर्थिक मदद दी जाये जिससें घालय बच्चे का इलाज सही ढंग से कराया जा सके। विदित चैधरी ने मृत के भाई बिलाल को आश्वासन दिया कि संपूर्ण कांग्रेस कमेटी आपके साथ है और आपकी हर सम्भव मदद करने के लिए हम यहां पर आये हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस व प्रशासन के लोग आम जनता की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। बदमाशों के हौसले इतने बुंलद हैं कि कहीं भी किसी को भी गोली मार दी जाती है। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी सुबोध शर्मा, प्रदेश महासचिव बिजेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, शहर अध्यक्ष मोदीनगर आशीष शर्मा, शहर महासचिव नंदकिशोर शर्मा, अमोल वशिष्ठ, नवीन कौशिक पोले, विशाल शर्मा सहित कांग्रेसजन शामिल रहे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुवार को बृज विहार में सुबह हुई झमाझम बारिश से वार्ड 68 में कई सड़कें ताल-तलैया बन गई। बृज विहार क्षेत्र के दिवाकर स्कूल डबल स्टोरी की सड़क पर पानी आ जाने से घंटों मार्ग अवरुद्ध रहा। सड़कों पर तो करीब कई फीट तक पानी भर जाने से लोग नाव में चलते नजर आए, यह वीडियो वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद स्थिति हर साल जस की तस रहती है।

न्यायखंड तीन में पाइप लाइन लीकेज का गड्ढा खोदकर यूं ही छोड़ दिया

साहिबाबाद,करंट क्राइम। इंदिरापुरम के न्यायखंड तीन में पाइपलाइन लीकेज सुधारने के नाम पर इंदिरापुरम न्यायखंड-तीन के मकान 681 के पास दुकानों के बाहर खड्डा खोद तो दिया, लेकिन उसको ठीक नहीं किया गया। इसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुकानदार सोनू गुप्ता ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी ठीक नहीं कर रहे हैं। दुकान में ग्राहक आने तक से कतराते है। वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन इसके बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन लीकेज ठीक करने के नाम पर जहां मन होता है सड़क को खोद देते हैं, वापस मिट्टी तक नहीं भरते हैं। जबकि नई बनी सड़क को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर देते हैं, उन्होंने कहा कि कई बार इसमें लोग गिर चुके हैं।

जीडीए सुपरवाइजर रमेश ने बताया कि न्यायखंड तीन में पानी लाइन लीकेज के करण गड्डा खोदा गया था। जल्द ही उसको भरवाने का काम किया जाएगा।

पांच दिनों में पूरे प्रदेश में छाएगा मानसून, इन जिलों में भारी बरसात का अलर्ट, बिजली गिरने से 20 की मौत

लखनऊ। प्रदेश में मानसून एक्सप्रेस लगातार आगे बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम के साथ सुहाने हुए मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। दिन और रात के तापमान में गिरावट हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार- पांच दिनों में मानसून के पूरे प्रदेश में छा जाने के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार की सुबह 8.30 बजे तक आगरा, अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन, मुरादाबाद में 70 मिमी से अधिक पानी बरसा। अयोध्या, बहराइच, बलिया, बुलंदशहर, फतेहपुर, फुरसतगंज, हमीरपुर में 50 से 60 मिमी के बीच बरसात रिकार्ड की गई। गाजीपुर में 100 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई थी।

आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर में भी अच्छी बरसात रिकार्ड हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून की अरब सागर की शाखा अधिक सक्रिय है। इसके कारण मानसून बृहस्पतिवार को बुंदेलखंड के ज्यादातर हिस्से को कवर करते हुए आगे बढ़ा है। बंगाल की खाड़ी की शाखा ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई वाले इलाके के कुछ भाग को कवर किया है। आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं भारी वर्षा संभावना है।

यहां भारी बारिश का अलर्ट देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में मौसम विभाग ने भारी बारिश के आसार जताए हैं।

अगले पांच दिनों इन राज्यों में भारी बारिश होने का अनुमान मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा दिल्ली में (29 और 30 जून को), पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ, बिहार और झारखंड ((28 जून और 1 जुलाई के बीच) में भारी बारिश होने की संभावना है।

बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में आ सकता है मानसून मौसम विभाग के अनुसार मानसून के पूरे बिहार, पूरे झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल को कवर करने का अनुमान था, लेकिन अब इसमें एक या दो दिन की देरी हो सकती है।

बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत

कई स्थानों पर बारिश के साथ बिजली भी गिरी। इससे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 20 लोगों की मौत हो गई। वाराणसी और आसपास के जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई। हमीरपुर में तीन, महोबा, बरेली में दो-दो लोगों की बिजली गिरने से मौत हो गई। बंदायूं, महाराजगंज और झांसी में एक-एक की जान गई है।

कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम राज्यसभा में हुईं बेहोश

नई दिल्ली। राज्यसभा में एक महिला सांसद सदन में हो रही चर्चा के बीच बेहोश हो गईं। इसके बाद सभापति ने कार्यवाही को तुरंत रोक दिया। सभापति ने इस दौरान पास बैठे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी को पीड़ित सांसद की मदद के लिए कहा। राज्यसभा में बेहोश होने वाली सांसद का नाम फूलो देवी नेताम है।

वह छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं। राज्यसभा में मौजूद कुछ अन्य सांसदों के मुताबिक फूलो देवी नेताम का ब्लड प्रेशर बढ़ गया था, जिसके कारण वह बेहोश हो गईं। इस प्रकरण के कुछ देर बाद राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने सदन का बहिष्कार किया। फूलो देवी नेताम को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इंडिया गठबंधन के विभिन्न नेता उनसे मुलाकात करने पहुंच रहे हैं। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल रहे। कार्यवाही दोबारा प्रारंभ होने पर सांसद त्रिरूचि शिवा ने सभापति जगदीप धनखड़ के समक्ष यह विषय उठाते हुए कहा कि आप हमारे संरक्षक हैं। इस पर सभापति ने कहा कि तुरंत व्यवस्था की गई। हर बात का ध्यान रखा गया। फूलो देवी नेताम संसद के अंदर बेहोश हो गई थीं। संसद से उनको एंबुलेंस में भेजना पड़ा।

इस पर कांग्रेस पार्टी का कहना है कि नीट, नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा के लिए सरकार के इनकार के कारण आज राज्यसभा में हंगामे के बीच, कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिर गई और बेहोश हो गईं। कांग्रेस नेता व राज्यसभा सांसद जयराम रमेश के मुताबिक फूलो देवी नेताम को हाल ही में डेंगू हुआ था और अभी वह डेंगू से उबर रही हैं। उन्हें संसद से सीधे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया है। जयराम रमेश ने उम्मीद जताई कि फूलो देवी नेताम जल्दी ठीक हो जाएंगी।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली ।। शनिवार 29 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित



इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की रफ्तार बढ़ाने में सबको करनी होगी भागीदारी

महापौर, डीएम, नगर आयुक्त, जीडीए वीसी और सीडीओ ने मिशन को बताया बेस्ट

होटल रेडिसन ब्लू में हुआ इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के महत्व पर वर्कशॉप का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर को वायु प्रदूषण और बिजली की कम खपत के मद्देनजर प्रदेश में दूसरा शहर के रूप में चुना गया है। जहां इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की रफ्तार को बढ़ाने और उनके चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है।

शुक्रवार को कौशांबी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में शहर के प्रमुख अधिका रियों, गणमान्य लोगों और कई मोटर कंपनियों के सीनियर अधिकारियों की उपस्थिति में एक वर्कशॉप का आयोजन हुआ। जिसका मकसद लोगों और आमजन में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की रफ्तार बढ़ाने और इसके समाज को मिलने वाले फायदों को बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि गाजियाबाद में किस तरीके से इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की रफ्तार और संख्या बढ़ाने की संभावना है।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया है कि अभी तो गाजियाबाद में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की संख्या दोपहिया, तिपहिया और चौपाइया वाहनों में सीमित है लेकिन उनका प्रयास रहेगा कि इन संख्या को लाखों में ले जाया जाए। शुक्रवार को दो पारियों में हुए कार्यक्रम का मकसद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल वाहन यूज करने वाली सिटी और एनसीआर में भी सबसे प्रमुख शहर बनाने का संकल्प लिया गया है।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के उपयोग से शहर को मिलेगा शुद्ध पर्यावरण

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के उपयोग से शहर को शुद्ध पर्यावरण मिलेगा। यहां गाजियाबाद जैसे शहर में वायु प्रदूषण की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में परेशानी आती है। वायु प्रदूषण डीजल-पेट्रोल दोनों ही वाहनों से होता है। साथ ही यहां कई अन्य कारक भी हैं जो वायु प्रदूषण की स्थिति बेकार करते हैं। ऐसे में नगर निगम प्रयास कर रहा है कि शहर को क्लीन, ग्रीन और पॉल्यूशन फ्री सिटी बनाया जाए। मेयर ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को लेकर हमे और अधिक बेहतर प्रयास करने होंगे।

एक नहीं सामूहिक प्रयास से बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की व्यवस्था : इन्द्र विक्रम सिंह

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को बढावा इसके फायदे और पर्यावरण को मिलने वाले इसके लाभ से संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित है। अमूमन वह अपने व्याख्यान और किसी भी विषय पर संपूर्ण जानकारी के साथ प्रस्तुति करने के लिए जाने जाते हैं और शुक्रवार को भी ऐसा ही उनके द्वारा प्रदर्शित किया गया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम में लोगों से कहा कि केवल कुछ अधिकारियों या कुछ व्यापारियों-उद्यमियों के द्वारा ही इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल इस्तेमाल लाकर ना तो वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार हो सकता है और ना सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र में कुछ बड़े बदलाव आएंगे। उन्होंने कहा बदलाव लाने के लिए आवश्यक है कि सभी लोग इसमें सहभागिता दें। निजी और सरकारी क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को बढ़ावा दिया जाए। डीएम ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के प्रति सभी को एकजुट होकर शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के क्रम में इ लेक्ट्रॉनिक व्हीकल को अपनाना बेहद आवश्यक है। अधिक से अधिक इंडस्ट्री भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। सभी लोग आवाहन करें कि इसका इस्तेमाल करेंगे। वहीं गाड़ी बनाने वाले इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पर जोर दें। ज्यादा से ज्यादा शहर में चार्जिंग पॉइंट बनाने की प्लानिंग को सफल बनाएं। इस दौरान उन्होंने मोटिवेट किया कि शहर के लोगों के अलावा आसपास के लोग अपने जानकारों, रिश्तेदारों और अन्य लोगों को भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेरित करें कि वह इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल लेकर बदलते वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग सिस्टम को प्रभावित होने से बचाने में सहयोग करें।

कुछ ही महीनों में सपना करेंगे साकार, देश में होगा गाजियाबाद का नाम : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ही इस पूरे प्रोजेक्ट को लेकर सबसे पहले विशेष ध्यान अन्य अधिकारियों का भी आकर्षित किया गया है। शुक्रवार को दोनों सत्र समाप्त होने पर जब उन्होंने मीडिया से बातचीत की तो जानकारी दी कि उनका सपना है कि गाजियाबाद में इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन और इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट की संख्या को वह बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा है कि उनकी कोशिश है कि यह इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल वाला मामला छह से सात महीने में गाजियाबाद में शुरू हो जाए। नगर निगम भी इसी तर्ज पर आगे लोगों को मोटिवेट करेगा। उन्होंने बताया कि शहर में अभी 50 ई बसों पर भी काम किया जा रहा है। वहीं गाजियाबाद नगर निगम ई-रिक्शा पर काम कर रहा है। वहीं अन्य इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को भी वह अधिक से अधिक बढ़ने पर जोर देंगे। नगर आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद का इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के ऊपर विशेष फोकस है। उन्होंने गाजियाबाद के लोगों से अपील की है और अधिकारियों से कहा है कि वह सहयोग करें कि इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के वाहन अधिक से अधिक खरीदे जाएं। तभी शहर में बनने वाले 25 इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट का फायदा होगा और इन प्वाइंटों को आगे भविष्य में बढ़कर 110 स्थान पर किया जाएगा। नगरआयुक्त ने कहा कि इसमें नगर निगम का कोई धन खर्च नहीं होगा। बस नगर निगम अपनी जमीन देगा और इससे शहर के बड़े-बड़े वाहनों के लोड से भी छुट्टी मिलने की प्लानिंग की जा रही है।

प्रमुख अधिकारियों की रही उपस्थिति

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजना के क्रम में ईवी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, महापौर सुनीता दयाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, सीडीओ अभिनव गोपाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, दिल्ली सरकार से शहजाद आलम स्पेशल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही आईएमआई इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर सहमिता द्वारा पौधे देकर स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की और गाजियाबाद के लोगों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के प्रति जागरूक करने का काम किया।

शहर के हर कोने तक चार्जिंग पॉइंट बनाने का है प्लान

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि उनका प्लान यह है कि जो इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट बनाए जाएं। इसकी शुरूआत यूपी गेट के साथ ही मेट्रो स्टेशन, आरआरटीएस नमो भारत स्टेशन के साथ ही शहर के प्रमुख बाजारों एक्सप्रेस-वे और दिल्ली-मेरठ हाई-वे के आसपास भी ऐसे चार्जिंग पॉइंट बनाए जाए ताकि अगर लोग दिल्ली जा रहे हैं तो वह अपनी गाड़ी छोड़ जाएं, उनकी गाड़ी दिनभर में चार्ज हो और शाम को वह ऑफिस से घर आते समय अपने वाहन को पिकअप कर सके। इसके साथ ही राजनगर डिस्टिक सेंटर से लेकर नगर निगम की जो जल्द मल्टी लेवल पार्किंग शुरू होने वाली है, वहां पर भी इसको शुरू करने का प्लान है ताकि बड़ी आबादी तक इस सुविधा को पहुंचाया जा सके।

जीडीए वीसी अतुल वत्स ने की नए प्रोजेक्ट की तारीफ

करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स भी इस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल चार्जिंग सिस्टम शुरू करने का फायदा न सिर्फ वायु प्रदूषण पर मिलेगा बल्कि यह फास्ट और इजी भी होगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अधिकांश देशों में इस पद्धति को अपनाया जाता है ताकि उसका लाभ सभी को मिले। उन्होंने कार्यक्रम में इस विषय पर अपने विचार रखे और बताया कि इसे कैसे सफल बनाया जा सकता है।

निजी कंपनियों से लेकर सर्विस डिलीवरी बॉय भी रहे उपस्थित

करंट क्राइम। इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल वाहन सड़क पर अधिक से अधिक हों, इसमें टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर शामिल किए जाएं। इसको लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम और नगर आयुक्त द्वारा कई स्तर पर प्लानिंग की गई है। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में परिवहन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, विद्युत निगम, आवास विकास परिषद के सरकारी महकमें के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। तो प्राइवेट सेक्टर में भी इस ओर जागरूकता लाने के लिए बजाज, हीरो महिंद्रा, पीजो, बीएडी कंपनी के रिप्रेजेंटेटिव उपस्थित रहे। इनके द्वारा टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर और फॉर- व्हीलर बनाए जाते हैं, उनसे अधिकारियों ने कहा है कि अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल बनाए। अपनी कंपनी को प्रपोजल दें कि अब गाजियाबाद में चार्जिंग पॉइंट और स्टेशन शुरू हो जाएंगे। इसे लगाने के लिए औसत धनराशि आमदनी बढ़ाने के प्रयास और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्लान बताया गया है। कार्यक्रम में जमैटो ,एलो डिलीवरी से संबंधित अन्य लोगों को भी यह विषय समझाया गया है।

इलेक्ट्रिक व्हीकल के फायदे

- प्रदूषण में कमी आने की संभावना अधिक है।
- कच्चे तेल की निर्भरता में कमी आएगी।
- इलेक्ट्रिक व्हीकल की परफॉर्मेंस जबरदस्त है।
- वहीं सरकार भी इलेक्ट्रिक व्हीकल के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है।
- बिना पेट्रोल की लंबी दूरी की यात्रा करना इससे संभव है।
- मेंटेनेंस पर बहुत कम खर्च आता है।
- इलेक्ट्रिक व्हीकल का डिजाइन आकर्षक होता है।

कांवड़ व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नरेट में बैठक आज

एडिशनल सीपी ,डीसीपी ,एडीसीपी, एसीपी और एसएचओ रहेंगे मौजूद

रूट से लेकर डायवर्जन और सीसीटीवी से लेकर सुरक्षा का बनेगा प्लान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों की जुलाई माह में शुरू हो रही कांवड़ यात्रा और अगस्त माह में आने वाली मासिक शिवरात्रि को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक पुलिस लाइन में रात को होनी है। इस बैठक में खुद पुलिस कमिश्नर सभी अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही कांवड़ यात्रा को लेकर इंतजमातों पर दिशा निर्देश देंगे। पूरी प्लानिंग कांवड़ यात्रा को लेकर बनाई जाएगी। बता दें कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस के अधिकारियों को आगामी त्यौहारी सीजन और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बैठक होनी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में खुद पुलिस कमिश्नर कांवड़ रूट से लेकर डायवर्सन और सुरक्षा व्यवस्था का प्लान संबंधित अधिकारियों के साथ बनाएंगे। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारियों के साथ ही तीनों जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और सभी एसएचओ इस बैठक में शामिल किए जाएंगे। बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पर अधिकारियों का विशेष फोकस रहता है। वहीं बीते कई सालों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा भी कर चुके हैं।

पुलिसकर्मी को गोली मारने वाला बदमाश पहुंचा यमलोक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अंकुर विहार में पुलिस हैडकांस्टेबल विजय राठी पर हमला करने वाले बदमाश रेहान का पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही एनकाउंटर कर दिया। रेहान को घायल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने बताया है कि गोली मारने वाले रेहान की तालश में अंकुर विहार और लोनी की पुलिस टीमों को लगाया गया था। एनकाउंटर में ढेर हुए रेहान पर लोनी और दिल्ली में कई गंभीर मुकदमें दर्ज थे। वहीं डीसीपी ने कहा है कि पुलिस पर गोली चलाने वाले बदमाशों से जीरो टॉलरेंस की योजना बरकरार रखी जायेगी। पुलिस कमिश्नरेट में चौथा फुल एनकाउंटर हुआ है।

गोली चलाने वाला बदमाश मुठभेड़ में ढेर, कमिश्नरेट में चौथा फुल एनकाउंटर

करंट क्राइम। अंकुर विहार में हेड कांस्टेबल विजय राठी के कंधे पर गोली मारने वाले बदमाश रेहान का पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि रेहान पर लोनी में ही अलग-अलग मुकदमे दर्ज थे। उसके ऊपर लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज बताया जा रहा है। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने बताया है बदमाश रेहान पर दिल्ली में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद यह चौथा फुल एनकाउंटर किया गया है। बता दें कि घटना में दिल्ली पुलिस मौके से लौट गई थी लेकिन गाजियाबाद के डीसीपी ग्रामीण पुलिस बल के साथ पहुंचे और बदमाशों की काम्बिंग शुरू की गई। देर रात हुए एंकाउंटर में दिल्ली और लोनी का बदमाश रेहान ढेर हो गया।

पुलिसकर्मी की हालत स्थिर

करंट क्राइम। अंकुर विहार थानाक्षेत्र की डाबर तालाब कॉलोनी का है। यहां रहने वाला बदमाश मन्नू चोरी के मुकदमे में दिल्ली से वांटेड है। दिल्ली के थाना गोकुलपुरी की पुलिस टीम शाम मन्नू को पकड़ने के लिए आई हुई थी। पुलिस ने मन्नू को पकड़ लिया। इतने में मन्नू का भतीजा रेहान पिस्टल लेकर आ गया और पुलिस को पिस्टल दिखाकर उसने मन्नू को छुड़ा लिया। इसके बाद दोनों आरोपी मन्नू के बगल वाले मकान के अंदर बंद हो गए। दिल्ली पुलिस ने तुरंत गाजियाबाद पुलिस को पूरे प्रकरण की सूचना दी। तत्काल लोनी थाने से एक सब इंस्पेक्टर और चार हेड कांस्टेबल मौके पर पहुंचे। दोनों राज्यों की टीम ने घर में छिपे बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी।

मौके पर पहुंचे डीसीपी, जांच शुरु

करंट क्राइम। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने बताया है कि पुलिस ने जैसे ही मकान का दरवाजा खोलना चाहा, अंदर से बदमाश रेहान ने पिस्टल से गोली चलाई। ये गोली हेड कांस्टेबल विजय राठी के कंधे में जा लगी। इससे पुलिसकर्मियों में हलचल गई। मौका देखकर बदमाश मन्नू वहां से फरार हो गया, जबकि भतीजे रेहान को पुलिस ने दबोच लिया। रेहान के हाथ में लोडेड पिस्टल थी। पुलिस उसको छुड़ाने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान पिस्टल से एक और फायर हो गया। ये गोली खुद रेहान की जांघ में जा लगी। बताया, घायल हेड कांस्टेबल और बदमाश दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मन्नू की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। मन्नू पर गाजियाबाद और दिल्ली में कई मामले दर्ज हैं।

विधायक नंदकिशोर ने भी किया ट्वीट

करंट क्राइम। अंकुर विहार थानाक्षेत्र में सिपाही पर बदमाश द्वारा गोली चलाई जाने के मामले पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सिपाही के साहस और हिम्मत की तारीफ की है। तो वहीं उन्होंने सवाल उठाया है की घटना को चार घंटे बीत गए लेकिन पुलिस कमिश्नर इस मामले में साहसी सिपाही का हाल-चाल लेने नहीं पहुंचे। बता दें कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार पुलिस के अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियों पर लैटर और उनके मैटर को उठाने का काम कर रहे हैं। वह इससे पहले भी अपनी सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री तक को पत्र भी लिख चुके हैं। उनका यह पूरा प्रकरण लगातार सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

पॉश इलाके में दिनदहाड़े पुलिस की रेड, चार युवतियों को भेजा जेल

आसपास के लोगों ने की थी सेक्स रैकेट की शिकायत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कवि नगर थानाक्षेत्र के अवंतिका एक्सटेंशन में शुक्रवार की शाम स्थानीय लोगों ने यपी-112 पर सूचना दी की एक फ्लैट में सेक्स रैकेट चल रहा है। सेक्स रैकेट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने जब वहां रेड मारी तो कुछ आपत्ति जब सामान और चार युवतियां फ्लैट में मौजूद थीं। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। आसपास के लोगों की शिकायत थी कि बीते 15 दिन से यहां युवतियां यहां आकर रह रही हैं। दिनभर लोग भाग आते हैं। जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस ने चारों युवतियों को गिरफ्तार कर 151 की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

लोकल पुलिस को नहीं लगी भनक

यूपी-112 की गाड़ी जब मौके पर पहुंची तो आसपास के लोगों ने आरोप लगाया कि यहां सेक्स रैकेट चल रहा है। जिसके बाद पूरा मामला अधिकारियों को पता चला तो चौकी से भी जानकारी की गई। जानकारी है कि चौकी को कुछ जानकारी नहीं थी। बता दें कि इससे पहले भी चिरंजीव विहार और शास्त्री नगर कवि नगर, राज नगर इलाके में पुलिस फ्लैट में सेक्स रैकेट संचालित करने वाले गिरोह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

संपादकीय

बीमार हैं स्मार्टफोन में उलझे लोग

जब किसी व्यक्ति को सुस्त देखा जाता है, तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है या फिर वह आलसी है। मगर यह इसलिए भी संभव है कि उसकी सक्रियता में कई वजहों से कमी आ रही हो और उसका कारण कोई शारीरिक बीमारी नहीं हो। हालांकि बीमारी की वजह से अगर सक्रियता में कमी आती है तो यह भी सही है कि सक्रियता में कमी से शरीर में बीमारी घर बनाती है। विडंबना यह है कि वक्त के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता में तेजी से कमी आई है। द लांसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह उजागर हुआ है कि सन 2022 में भारत की सत्तावन फीसद महिलाएं शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थीं, जबकि पुरुषों में यह दर बयालीस फीसद थी। अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर मौजूदा परिपाटी जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले व्यस्कों की संख्या बढ़कर साठ फीसद तक पहुंच जाएगी। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी देश की साठ फीसद आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में वहां आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। आमतौर पर अधिक आबादी वाले देशों में रोजी-रोटी का मसला इस तरह जटिल होता है कि ज्यादातर लोगों को जीवन चलाने के लिए शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहना पड़ता है। सवाल है कि आखिर भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी तादाद में लोग सुस्त होते जा रहे हैं! विचित्र यह भी है कि लोगों की व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई है।

ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका आधे घंटे का कोई काम टलता रहता है, मगर रोजाना वे पांच या सात घंटे या इससे ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों पर, सोशल मीडिया या अन्य आभासी मंचों पर बर्बाद करते हैं। महामारी के दौरान घर से काम करने की व्यवस्था जब चलन में आई थी, उसने भी लोगों के ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार से कमजोर करेगा, शरीर को बीमार बनाएगा

ओएनडीसी के जरिए पांच लाख एमएसएमई की मदद करेगी सरकार

50 फीसदी फायदा महिलाओं को : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से पांच लाख एमएसएमई को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर लाने का फैसला किया गया है। इन इनिशिएटिव को 'एमएसएमई टीम' नाम दिया गया है। इसके तहत पांच लाख एमएसएमई को ओएनडीसी पर लाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा अकाउंट मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग और कैटलॉग बनाने में भी मदद दी जाएगी।

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इस योजना के तहत आधा फायदा महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई को मिलेगा। आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में एमएसएमई की बड़ी भूमिका है। उन्होंने आगे कहा कि तेजी से बदलते वातावरण में एमएसएमई को डिजिटल और टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन अपनाने चाहिए। मंत्रालय की ओर से एक अन्य पहल 'यशस्विनी' भी शुरू की गई है। इसका उद्देश्य महिला-स्वामित्व वाले अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक बनाना और उन्हें क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसके तहत चालू वित्त वर्ष में एमएसएमई मंत्रालय द्वारा अभियान की एक पूरी श्रृंखला लॉन्च की जाएगी।

इसका फोकस टियर 2 और टियर 3 शहरों पर होगा। एमएसएमई मंत्री ने जोर देते हुए कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और भीतरी इलाकों में, एक समावेशी और केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयास को गहरा और व्यापक बनाने की आवश्यकता है।

शेयर बाजार में टूटा तेजी का ट्रेंड, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के दोनों मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 210 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032 पर और निफ्टी 33 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 24,010 पर बंद हुआ। बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। कारोबार के पहले घंटे में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 79,671 और 24,174 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 469 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरकर 52,342 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में छोटे मझोले शेयरों का प्रदर्शन लार्ज कैप से अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 312 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 55,736 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 152 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़त के साथ 18,317 पर समाप्त हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में खरीदारी थी। ऑटो, फिन सर्विस और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में बिकवाली थी। सेंसेक्स पैक में रिलायंस, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, विप्रो, नेस्ले, एनटीपीसी, टाइटन और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स थे। शुक्रवार जून का आखिरी कारोबारी सत्र था।

जून के सभी चार हफ्तों में बाजार में खरीदारी देखने को मिली है। कारोबार के हिसाब से यह 2024 का सबसे अच्छा महीना था। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट रूपक दे का कहना है कि बाजार में लगातार चार सत्रों की तेजी के बाद गिरावट हुई है। निफ्टी काफी ऊपरी स्तरों पर लग रहा है। अगर 24,000 के नीचे टिकता है तो गिरावट देखने को मिल सकती है।

भारती एयरटेल ने दिया झटका, महंगे किए मोबाइल रिचार्ज प्लान

नई दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने शुक्रवार को 3 जुलाई से मोबाइल टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। अनलिमिटेड वॉयस प्लान में कंपनी ने 179 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 599 रुपये और 1,799 रुपये वाले प्लान की कीमत बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी है। पोस्टपेड प्लान के लिए 399 रुपये वाला टैरिफ प्लान अब 449 रुपये का होगा। वहीं, 499 रुपये वाला प्लान अब

549 रुपये का मिलेगा। मौजूदा 599 रुपये वाला प्लान 699 रुपये का और 999 रुपये वाला प्लान अब 1199 रुपये का होगा। बढ़ी हुई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। भारती एयरटेल ने एक बयान में कहा कि भारत में दूरसंचार कंपनियों के लिए वित्तीय रूप से लाभकारी बिजनेस मॉडल के लिए मोबाइल एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) 300 रुपये से ज्यादा होना चाहिए। भारती एयरटेल ने कहा, हमारा मानना है कि एआरपीयू का यह लेवल नेटवर्क टेक्नोलॉजी और स्पेक्ट्रम में जरूरी निवेश को संभव करेगा और पूंजी पर मामूली रिटर्न प्रदान करेगा। भारती एयरटेल के शेयर सुबह के कारोबार में करीब एक प्रतिशत बढ़कर 1,491 रुपये पर पहुंच गए। इससे पहले, रिलायंस जियो ने भी मोबाइल टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

पीएम गति शक्ति स्कीम से भारत के इन्फ्रा और विकास को मिला सहारा : मॉर्गन स्टेनली

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश बैंक और वित्तीय कंपनी मॉर्गन स्टेनली का कहना है कि पीएम गति शक्ति योजना से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और हाईवे, रेलवे एवं पोर्ट में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को गति मिली है जो आर्थिक विकास में मददगार रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक दशक में भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से सुधार हुआ है। इसकी वजह सरकार द्वारा इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाना है।

इससे उत्पादकता बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश वित्त वर्ष 2028-29 तक बढ़कर जीडीपी के 6.5 प्रतिशत पर पहुंच सकता है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 5.3 प्रतिशत रहा था। इस हिसाब से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश सालाना आधार पर 15.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। ऐसे में अगले पांच साल में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर पर कुल 1.45 लाख करोड़ डॉलर खर्च कर सकता है। इससे देश में निवेश बढ़ेगा और साथ ही उच्च विकास दर जारी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम धारणा के विपरीत जीडीपी डिफ्रेंशियल के संदर्भ में देखा जाए तो भारत का फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही चीन के मुकाबले ज्यादा अनुकूल है। वर्ल्ड बैंक की लॉजिस्टिक सूचकांक रिपोर्ट 2023 में भारतीय बंदरगाहों पर कंटेनरों के रुकने का औसत समय तीन दिन है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण अफ्रीका में यह चार दिन, अमेरिका में सात दिन और जर्मनी में 10 दिन है।

भारतीय पोर्ट्स का टर्नअराउंड टाइम 0.9 दिन हो गया है, जो कि अमेरिका में 1.5 दिन, ऑस्ट्रेलिया में 1.7 दिन और सिंगापुर में एक दिन है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बंदरगाहों के कार्गो ग्रोथ में सात प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। बड़े सरकारी बंदरगाहों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत रही। मॉर्गन स्टेनली ने बताया कि पीएम गति शक्ति के तहत पोर्ट और शिपिंग सेक्टर के लिए 60,900 करोड़ रुपये के 101 प्रोजेक्ट्स की पहचान की गई है। अप्रैल 2023 तक 8,900 करोड़ रुपये की 26 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं; 15,340 करोड़ रुपये की 42 परियोजनाएं विकास के चरण में हैं और 36,640 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं पर काम शुरू होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान अक्टूबर 2021 में शुरू किया गया था।

राशिफल

मेष: संयुक्त परिवार में सगे-संबंधियों से किसी बात को लेकर मतभेद होने की संभावना हैं। एकल परिवार में लोगों का अपने पुश्तैनी घर जाना हो सकता है।

वृष: आप अपना ज्यादातर समय अपने परिवार को देंगे तथा उनके साथ आपका स्वभाव मैत्रीपूर्ण रहेगा जिससे रिश्तों में मधुरता आएगी।

मिथुन: आज के दिन आपका मन पढ़ाई में कम तथा अन्य क्षेत्रों में ज्यादा लगेगा लेकिन मन में किसी चीज को लेकर शंका बनी रहेगी।

कर्क: व्यापार में सफलता मिलेगी तथा आपके शत्रु भी आपसे प्रभावित होंगे। बाजार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा।

सिंह: यदि आप उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे है तो जीवन में एक नया मार्गदर्शक मिलेगा जो आपको सही राह दिखा सकता हैं।

कन्या: यदि प्रेम जीवन में हैं तो खर्चे बढ़ जायेंगे तथा आप अपने पार्टनर के लिए कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

तुला: आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए मंगलकारी रहेगा तथा रुके हुए कार्य बनेंगे। यदि पैसे कही अटके पड़े हैं तो वे भी वापस मिलेंगे।

वृश्चिक: यदि आपके विवाह को दस वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

धनु: आज के दिन आप अपने काम में ज्यादा व्यस्त होने के कारण माता-पिता को ज्यादा समय नही दे पाएंगे लेकिन मन में उनकी सेवा करने का भाव बना रहेगा।

मकर: आज के दिन आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे व रचनात्मकता में वृद्धि होगी। सभी के साथ बोलते समय अपना व्यवहार मृदु रखे तथा मीठी वाणी बोले।

कुंभ: आपका मधुर व्यवहार परिवार के लोगों को आपकी ओर आकर्षित करेगा तथा वे आपकी बातों से प्रभावित होंगे। घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

मीन: परिवार में सब कुछ ठीक रहेगा तथा आपको अपने ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता हैं। ऐसे में सभी के प्रति अपने व्यवहार को मृदु रखे।

चुटकुले

एक भिखारी ने दरवाजे पर आवाज लगाई- दाता के नाम पर रोटी दे दो।
भीतर से आवाज आई - मम्मी घर में नहीं हैं।
इस पर भिखारी बोला - मैं रोटी मांग रहा हूं, तुम्हारी मम्मी नहीं।

टन्नू ने जंगल में शेर पर बंदूक तानी थी कि शेर ने फुर्ती से झपट्टा मारकर बंदूक दूर गिरा दी। एक झापड़ मारा टन्नू को और कहा- बोर्ड नहीं पढ़ा, कि यहाँ शिकार करना मना है।
टन्नू ने बोर्ड पढ़कर सॉरी कहा, और जाने लगा।
मगर शेर ने कहा ठहरो- अब मैं तुम्हारा शिकार करूँगा।
टन्नू ने कहा- ऐसा कैसे? बोर्ड पर तो मनाही लिखी है।
शेर लापरवाही से- लिखी होगी, बाशशाओ।
अपन तो अनपढ़ हैं।

तुम घोडे के बराबर नहीं दौड सकते हो?
लेकिन घोडा दौड में मुझसे आगे नहीं जा सकता।
ऐसा हो ही नहीं सकता।
क्यों नहीं हो सकता, मैं घोडे पर बैठा जो रहूंगा।

रोचक तथ्यों का करंट



- क्रिस्टोफर श्लेस ने टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया था।
- फ्रेडरिक डगलस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकित होने वाले पहले अफ्रिकी-अमेरिकी बने थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन ने मूविंग बॉडीज के इलेक्ट्रोडडायनामिक्स पर लेख भेज दिया, जिसमें उन्होंने एनालेन डेर फिजिक में प्रकाशन के लिए विशेष सापेक्षता प्रस्तुत की थी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति वॉरेन जी हार्डिंग ने संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति विलियम हॉवर्ड टाफ्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की थी।
- एबीसिनिया के सम्राट हैइल सेलासी ने अपने देश के इटली पर आक्रमण के खिलाफ लीग ऑफ नेशंस की सहायता के लिए अपील की थी।
- लंदन में दुनिया का पहला आपातकालीन टेलीफोन नंबर 999 पेश किया गया था।
- जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कश्मीर में कैद के दौरान मौत हो गई थी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

29 06 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



प्रो. रामगोपाल यादव
राष्ट्रीय महासचिव, सपा

आदर्श सिंघानिया

राज जैन

किरण सिंह

अरूण चंद्रा

अनुज सिंह

सुनील चौधरी

हातम सिंह नागर

कमल अरोड़ा

संजय त्यागी

वागीश शर्मा

रविन्द्र राणा

नितिन शर्मा

नरेश वर्मा

मुकेश कुमार सोनी

अतुल शर्मा

बबलू सिंह

सनी जाटव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

टी20 विश्व कप फाइनल में दो सर्वश्रेष्ठ और अपराजित टीमों की टक्कर

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। टी20 विश्व कप 2024 में खिताबी जंग में भारत और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने है। एक यादगार टूनार्मेंट अपने समापन के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव और बड़े उलटफेर देखे गए।

बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका और भारत की खिताबी मुकाबले में टक्कर होगी। यहां कि पिच पर गेंद और बल्ले के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिलती है। शुरूआत में यहां तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है, तो वहीं मिडिल ओवर्स में स्पिनर भी अपना जलवा दिखाते हैं।

आईसीसी टूनार्मेंट में ट्रॉफी जीतने का भारत का इंतजार काफी लंबा है। पिछले 12 महीनों में अपने तीसरे आईसीसी फाइनल में भारत 11 साल के बड़े खिताब के सूखे को खत्म करने की जद्दोजहद में है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब तक कुल 26 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं और भारत ने इस फॉर्मेट का अपना पहला

मैच इसी टीम के खिलाफ ही खेला था। भारत ने इन 26 में से 14 तो वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 11 मैचों में जीत हासिल की है और एक मैच का परिणाम नहीं निकला है। टी20 विश्व कप में दोनों टीमें छह बार भिड़ चुकी हैं। इनमें से चार में भारत और केवल दो बार दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। एमएस धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया ने 2007 में टी20 विश्व कप 2007 यानी टूनार्मेंट का ओपनिंग सीजन जीता था, जिसमें रोहित शर्मा भी शामिल थे। अब करीब-करीब 17 साल बाद बतौर कप्तान रोहित शर्मा के पास इसे जीतने का मौका है। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका पहली बार पुरुषों के आईसीसी विश्व कप के फाइनल में है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही अपराजित टीमों के रूप में खिताबी मुकाबले में पहुंचे हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम न्यूयॉर्क की कठिन पिचों पर शीर्ष पर रही और अब कैरेबियाई में भी अजेय है।

भारत का अभियान वनडे विश्व कप 2023 में उनके प्रदर्शन की तरह ही रहा है, लेकिन इस बार वो खिताबी मुकाबले में कोई गलती नहीं करना चाहेंगे। भारत के लिए खिताब जीतना राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल को एक शानदार विदाई भी होगी।

एडेन मार्करम एंड कंपनी की अगुआई वाली प्रोटियाज टीम को न्यूयॉर्क और कैरिबियन में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करने में किस्मत का साथ मिला और फिर त्रिनिदाद में पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को उन्होंने एकतरफा मुकाबले में हराया।

1998 में आईसीसी नॉक-आउट खिताब (तब चैंपियंस ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था) जीतने वाले दक्षिण अफ्रीका के लिए यह बड़ा मौका है कि वह खिताब पर कब्जा जमाये।

लेकिन दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज इस टूनार्मेंट में काफी धीमा खेलते दिखे हैं। सुपर 8 में जगह बनाने वाली टीमों में यदि रन बनाने की गति को देखा जाए तो साउथ अफ्रीका 6.81 की रन-रेट के साथ दूसरी सबसे धीमी टीम है।दक्षिण अफ्रीका के पांच प्रमुख बल्लेबाजों की स्ट्राइक-रेट काफी कम है। हेनरिक क्लासेन 112 तो वहीं कप्तान एडन मारक्रम खुद 102 की स्ट्राइक-रेट से रन बना रहे हैं। डेविड मिलर की स्ट्राइक-रेट 100 की है तो वहीं ट्रिस्टन स्टब्स भी 94 की स्ट्राइक-रेट से रन बना रहे हैं। ओपनर बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स का संघर्ष सबसे अधिक देखने को मिला है जिनका स्ट्राइक-रेट 88 का है।

भारतीय स्पिनर्स पेश करेंगे कड़ी चुनौती

भारत के लिए कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा की स्पिन तिकड़ी काफी सफल हो रही है। खास तौर से अक्षर और कुलदीप ने विपक्षी टीमों को बहुत अधिक परेशान किया है। सुपर 8 शुरू होने के बाद से भारतीय स्पिनर्स ने चार मैचों में 16 विकेट चटकाए हैं जो किसी भी टीम के स्पिनर्स द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेट हैं। इस दौरान उन्होंने केवल 6.65 की रन-रेट से रन खर्च किए हैं और उनके औसत 15.87 के रहे हैं। कुलदीप अब तक 5.69 की इकॉनमी और 9.2 की औसत के साथ 10 विकेट ले चुके हैं तो वहीं अक्षर 6.83 की इकॉनमी और 15.37 की औसत से आठ विकेट चटका चुके हैं।

बुमराह का दबदबा है कायम

जसप्रीत बुमराह का दबदबा लगातार कायम है और वह बल्लेबाजों को रनों के लिए तरसा रहे हैं। बुमराह ने 4.12 की इकॉनमी और 8.15 की औसत से 13 विकेट चटका दिए हैं और वर्तमान टूनार्मेंट में सबसे अच्छी इकॉनमी और औसत रखने वाले गेंदबाज हैं। 2022 से टी20 अंतर्राष्ट्रीय में बुमराह की इकॉनमी 5.45 की है जो दुनिया में दूसरी सर्वश्रेष्ठ है। वर्तमान टूनार्मेंट में बुमराह ने मैच के तीनों चरण में गेंदबाजी की है। पावरप्ले में वह 3.75 की इकॉनमी से चार विकेट ले चुके हैं। 7-15 ओवरों के बीच उनकी इकॉनमी 4 की रही है और उनके हिस्से तीन विकेट आए हैं। अंतिम पांच ओवरों में बुमराह ने 4.65 की इकॉनमी से छह विकेट चटकाए हैं।

हॉप्स ने एमिटी की उम्मीद तोड़ी, खिताब नोएडा सिटी के नाम

नई दिल्ली। हॉप्स एफसी ने निर्णायक मुकाबले में खिताब की प्रबल दावेदार एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब को 4- 2 से हराया तो नोएडा सिटी एफसी ने डीएसए की ए डिवीजन लीग का चैंपियन होने का गौरव पा लिया। इस उपलब्धि को पाने के लिए नोएडा सिटी को न सिर्फ कड़ा पसीना बहाना पड़ा, बल्कि एमिटी और हॉप्स के मध्य खेले गए अंतिम मैच के परिणाम का इंतजार भी करना पड़ा, जिसमें हॉप्स ने अप्रत्याशित परिणाम निकालते हुए एमिटी के अरमानों पर पानी फेर दिया।

डीएसए ए डिवीजन लीग के सुपर सिक्स मुकाबले खासे रोमांचक रहे। लीग के निर्णायक मैच में एमिटी को हॉप्स के विरुद्ध हर हाल में जीत की जरूरत थी लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। नोएडा सिटी एफसी ने एम 2 एम को 4 -0 से हरा कर कुल 12 अंक जुटा लिए। विजेता के लिए दिविज सिंह ने दो , वाजिद अली और मनीष सुयाल ने एक-एक गोल जमाए।

चैंपियन बनने के लिए अब एमिटी को अपना आखिरी मैच जीतना जरूरी था लेकिन उसके खिलाड़ी ऐसा नहीं कर पाए। हॉप्स ने मैच 4 - 2 से जीत लिया। अंतिम मैच में हॉप्स के हाथों मिली हार के चलते एमिटी नोएडा सिटी के बाद दूसरे स्थान पर फिसल गई। तीसरा स्थान नॉर्दन यूनाइटेड एफसी को मिला जिसने अपने पांचवें और अंतिम मुकाबले में जगन्नाथ, पाओमिचोन, फैजान खान और थमजोलीन के गोलों से बंगदर्शन को 4 -1 से परास्त किया। गगन ने पराजित टीम का गोल जमाया।

रिकी पोंटिंग ने कहा, भारत के लिए द.अफ्रीका को हराना मुश्किल होगा

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल में कुछ खास करने की जरूरत नहीं है, उसे बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल मुकाबला 29 जून को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। गुरुवार को सेमीफाइनल में द.अफ्रीका ने अफगानिस्तान और भारत ने बारिश से बाधित मैच में इंग्लैंड को हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टीमें अब तक टूनार्मेंट में अजेय क्रम के साथ फाइनल में उतरेंगी। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर टूनार्मेंट में

अपना ऐतिहासिक सफर तय किया, जबकि भारत सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर 2011 के बाद से अपना पहला विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

एडेन मार्करम की अगुआई वाली टीम अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेगी और पोंटिंग को लगता है कि यह प्रोटियाज खिलाड़ियों के लिए यह बहुत बड़ा अवसर है।

आईसीसी के डिजिटल डेली शो में पोंटिंग ने कहा, बहुत सी टीमें कहती हैं कि 'यह बस एक और मैच है' और वे इस बात से बचने की कोशिश करते हैं कि यह कितना बड़ा अवसर है। ये सोच गलत है।"

पोंटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के पास फाइनल में भारत के साथ मुकाबला करने की प्रतिभा है और उम्मीद जताई है कि टीम भारत के खिलाफ अच्छा खेल दिखाएगी।

पोंटिंग ने कहा, वे अब तक टूनार्मेंट में अपराजित हैं, इसलिए उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है। उन्हें बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है है। अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें हराना भारत के लिए मुश्किल होगा।

भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार, 29 जून को बारबाडोस में होने वाले खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

विराट कोहली ने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन फाइनल के लिए बचाकर रखा है : रोहित शर्मा

गुयाना। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 68 रनों से हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विराट कोहली के बारे में कहा है कि वह (कोहली) अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन को फाइनल के लिए बचाकर रख रहे हैं।

सेमीफाइनल से पहले सभी भारतीय फैंस को उम्मीद थी कि विराट के बल्ले से रन निकलेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इस विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन काफी साधारण रहा है। इस टूनार्मेंट में अभी तक उनका सर्वाधिक स्कोर सिर्फ.37 का रहा है।

सेमीफाइनल मैच के बाद जब रोहित से विराट के प्रदर्शन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, हम सब उनकी क्लास के बार में जानते हैं। 15 साल खेलने के बाद फॉर्म कभी समस्या नहीं होती। शायद फाइनल के लिए वह अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन को बचाकर रख

रहे हैं। हम एक टीम के रूप में शांत रहने का प्रयास कर रहे हैं। फाइनल एक बड़ा अवसर है, लेकिन खुद को शांत रखने से अच्छे फैसले लेने में मदद मिलती है। मुझे लगा कि आज हम एकदम स्थिर थे और घबराए नहीं। यही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रहा है। (क्या वे 2013 के बाद पहली बार कोई आईसीसी ट्रॉफी जीत सकते हैं?) हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे, टीम अच्छी स्थिति में है। मैं बस इतना उम्मीद कर सकता हूं कि हम फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करें।

इस सेमीफाइनल से पहले 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की खूब चर्चा हो रही थी, जहां भारत को इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। पहली पारी में जब भारत ने सिर्फ.171 रन बनाए तो ऐसा लगा कि इंग्लैंड का बल्लेबाजी क्रम मुश्किल परिस्थितियों में भी भारतीय गेंदबाजों को एक अच्छी चुनौती देंगे। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ और इंग्लैंड की पूरी टीम सिर्फ.103 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

रोहित ने टीम के इस प्रदर्शन के बारे में कहा, एक टीम के रूप में हमने बहुत मेहनत की और सभी का शानदार प्रदर्शन रहा। हमने परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल लिया और यही आज की सबसे बड़ी चुनौती थी। अगर गेंदबाज और बल्लेबाज खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढाल लें तो चीजें. आसान हो जाती हैं। एक समय पर हमें ऐसा लगा रहा था कि इस पिच पर 140-150 का स्कोर भी सम्मानजनक स्कोर होगा। हालांकि हम बीच के ओवरों में रन बनाने में सफल रहे। मैं और सूर्यकुमार रन लगातार रन बनाने का प्रयास कर रहे थे और सोच रहे थे कि शायद हम 20-25 रन और बना सकते हैं। मैं बस यही चाह रहा था कि हमारे बल्लेबाज अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के हिसाब से खेलें। 175 का स्कोर इस पिच पर काफी अच्छा स्कोर होता। यह लगातार तीसरा आईसीसी टूनार्मेंट है, जहां भारत ने फाइनल में जगह बनाई है। मौजूदा विश्व कप में भारत अब तक शानदार लय में रहा है। अब तक उन्होंने एक भी मैच नहीं हारा और अपने इस लय को आगे बढ़ाते हुए सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड को भारतीय टीम ने कोई मौका नहीं दिया।

वर्ल्ड टेनिस लीग सत्र 3 दिसम्बर में अबू धाबी लौटेगा

अबू धाबी (यूएई)। अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के तीसरे सत्र की मेजबानी करने के लिए तैयार है जो ऐतिहासिक एतिहाद एरेना में 19 से 22 दिसम्बर तक आयोजित होगा।

शानदार संगीत प्रदर्शन के साथ विशिष्ट टेनिस के मिश्रण के लिए मशहूर, डब्ल्यूटीएल के दूसरे सीजन ने महत्वपूर्ण लोकप्रियता और वैश्विक मीडिया मूल्य हासिल किया था। चार दिवसीय कार्यक्रम में दानिल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रेई रुब्लेव, आर्यना सबालेंका, इगा स्वियाटेक और एलेना रिबाकिना जैसे वैश्विक टेनिस आइकन के साथ-साथ वैश्विक चार्ट-टॉपर्स 50 सेंट, एकॉन और ने-यो ने दर्शकों को कोर्ट के अंदर और बाहर मंत्रमुग्ध कर दिया था।

पीबीजी ईगल्स, जिसमें दानिल मेदवेदेव, आंद्रेई रुब्लेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन शामिल हैं, डब्ल्यूटीएल 2023 के चैंपियन के रूप में उभरे। सीजन 2 में 20,000 से अधिक उपस्थिति हुई और 125+ देशों में इसका सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें विश्व स्तरीय कलाकारों ने एतिहाद एरिना में प्रदर्शन किया।

अच्छी तैयारी के साथ, अबू धाबी एक बार फिर 'ग्रेटेस्ट शो ऑन कोर्ट' की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है। टेनिस सितारों की शानदार सूची की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल, संस्कृति और पर्यटन विभाग (डीसीटी) और मिरल, विश्व टेनिस लीग का समर्थन करने के लिए अपनी तीन साल की प्रतिबद्धता जारी रखे हुए हैं।

बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से जवानी में फेफड़ों को होगा नुकसान : शोध

नई दिल्ली। एक शोध में यह बताया गया है कि बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से आगे चलकर फेफड़ों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। साथ ही इसमें शोधकताओं ने प्रदूषण को कम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूएससी) के वैज्ञानिकों ने पाया है कि बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने के बाद वयस्क अवस्था में ब्रोंकाइटिस के लक्षणों जैसे पुरानी खांसी, कंजेशन या कफ बनना देखा गया है। इन बीमारियों का सर्दी लगने से कोई संबंध नहीं था।

अमेरिकन जर्नल ऑफ रेस्पिरेटरी एंड क्लिनिकल केयर मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन में 1,308 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उनकी वयस्क मूल्यांकन के समय औसत

आयु 32 वर्ष थी।

शोध के परिणामों से यह बात सामने आई कि प्रतिभागियों में से एक-चौथाई ने पिछले 12 महीनों के भीतर ब्रोंकाइटिस के लक्षणों का अनुभव किया। केक स्कूल ऑफ मेडिसिन में जनसंख्या और सार्वजनिक स्वास्थ्य विज्ञान की सहायक प्रोफेसर एरिका गार्सिया ने कहा, ₹निष्कर्षों से पता चलता है कि बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से हमारे श्वसन तंत्र पर अधिक सूक्ष्म प्रभाव पड़ता है, जो वयस्कता में भी हमें प्रभावित करता है। ब्रोंकाइटिस के लक्षणों की उपस्थिति जन्म से 17 वर्ष की आयु के बीच दो प्रकार के प्रदूषक पदार्थों के संपर्क से जुड़ी थी। एक समूह में हवा में उपस्थित सूक्ष्म कण में जैसे धूल, पराग, जंगल की आग से उत्पन्न राख, औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों से निकलने वाले धुएं के कण शामिल हैं।

दूसरा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड है जो ऑटोमोबाइल, विमान, नावों और बिजली संयंत्रों में दहन का एक बाई प्रोडक्ट है, जो फेफड़ों की कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाने के लिए जाना जाता है।

इस शोध में बच्चों पर फोकस किया गया, वे वायु प्रदूषण के प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। उनकी श्वसन और प्रतिरक्षा प्रणाली अभी भी विकसित होती रहती है और वयस्कों की तुलना में वे अपने शरीर के वजन के तुलना में अधिक सांस लेते हैं। टीम ने यह भी पाया कि बचपन में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर के संपर्क में आने से बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। वहीं, वयस्कों में ब्रोंकाइटिस के लक्षणों पर अध्ययन का प्रभाव उन लोगों में अधिक था, जिन्हें बचपन में अस्थमा होने का पता चला था।

शेफाली वर्मा ने महिला टेस्ट क्रिकेट में तोड़ा सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड, छक्कों का भी बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका के बीच इकलौते टेस्ट मैच की सीरीज खेली जा रही है। यह टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन भारतीय बैटर्स शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी ने मिलकर दक्षिण अफ्रीकी बॉलिंग अटैक की कमर तोड़ डाली। इस मैच में वैसे तो तमाम रिकॉर्ड्स बने, लेकिन शेफाली वर्मा ने दो बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अब शेफाली वर्मा के नाम दर्ज हो गया है। यह रिकॉर्ड इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के नाम दर्ज था। मजेदार बात ये है कि सदरलैंड ने भी यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही बनाया था और इसी साल बनाया था। इस साल की शुरूआत में साउथ अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई थी, जहां

इकलौता टेस्ट मैच पर्थ में खेला गया था। सदरलैंड ने तब 248 गेंदों पर डबल सेंचुरी ठोकी थी, जो महिला टेस्ट क्रिकेट की फास्टेस्ट डबल सेंचुरी थी। शेफाली की बात करें तो उन्होंने 194 पर डबल सेंचुरी ठोक यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला।

बिहार में 4.10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, पहाड़ों पर 'सीड बॉल' का होगा इस्तेमाल

पटना। बिहार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में इस साल 4.10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दक्षिण बिहार के पहाड़ों में पेड़ों की कमी को देखते हुए 'सीड बॉल' के माध्यम से पौधे लगाने की कोशिश की जाएगी।

मंत्री प्रेम कुमार ने संजय गांधी जैविक उद्यान में भाजपा के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने लोगों से इस अभियान में भाग लेकर एक पौधा मां के नाम पर लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की गई है। उद्यान में इस अभियान के तहत आंवला, हर्रे, बहेरा, गुल्लर, पाकर, पीपल सहित कई तरह के पौधे लगाए गए।

प्रेम कुमार ने कहा कि इस वक्त दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और मौसम

में बदलाव आ रहे हैं। समय पर मानसून की बारिश नहीं हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए ही पौधरोपण अभियान की शुरूआत की गई है। बिहार में करीब 4.10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें किसानों और जीविका दीदी की भी मदद ली जाएगी।

मंत्री ने आगे बताया कि दक्षिण बिहार पहाड़ और जंगलों से घिरा है। पेड़ों की संख्या बढ़ाने के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, जहानाबाद, रोहतास सहित विभिन्न जिलों के पहाड़ों पर सीड बॉल से पौधरोपण करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्य लोगों द्वारा करवाया जाएगा, जरुरत पड़ने पर हेलीकॉप्टर या ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

सीड बॉल मिट्टी से बना एक गेंद होता है, जिसमें किसी भी पौधे का बीज डाला जाता है। इसे आमतौर पर तालाबों, रेल पटरियों के किनारे फेंक दिया जाता है और वहां खुद बीज अंकुरित होकर पौधे की शक्ल ले लेता है।

पांच माह बाद जेल से बाहर आए झारखंड के सीएम बोले- षड्यंत्र रचकर मुझे जेल में रखा गया

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार शाम करीब चार बजे होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात की।

सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, षड्यंत्र रचकर और झूठी कहानी गढ़कर मुझे पांच महीने तक जेल में रखा गया। अंततः न्यायालय के आदेश पर राज्य की जनता के बीच हूं। न्यायालय का जो आदेश आया है, वह देखने-समझने लायक है। हमने जिस लड़ाई का संकल्प लिया है, उसे मुकाम तक पहुंचाएंगे। सोरेन ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पूरा सम्मान है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया का लंबा खिंचना चिंता की बात है। आज देश में सरकार के खिलाफ बोलने वाले राजनेताओं, समाजसेवियों, लेखकों, पत्रकारों की आवाज को सुनियोजित तरीके से दबाया जा रहा है।

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार दोपहर सोरेन की जमानत मंजूर की थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है, कोर्ट के समक्ष अब तक जो तथ्य लाए गए हैं, उसमें यह मानने का कोई आधार नहीं है कि सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं। हाईकोर्ट का ऑर्डर जारी होने के बाद रांची सिविल कोर्ट में उनके भाई बसंत सोरेन और कुमार सौरव ने 50-50 हजार रुपए के दो निजी मुचलके भरे। इसके बाद उन्हें रिलीज करने का ऑर्डर जेल भेजा गया।

सोरेन जब जेल से बाहर निकले तो उन्हेंरिसीव करनेकेलिए उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता तनुज खत्री सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं की नोखेबाजी के बीच हेमंत सोरेन ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर सभी का आभार जताया। हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी को करीब आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की हिरासत में रात साढ़े आठ बजे राजभवन पहुंचकर सीएम पद से इस्तीफा दिया था।

आयातित कोयला घोटाले के आरोपी को याचिका वापस लेने की इजाजत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को आयातित कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी एनआरआई को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

आरोपी अहमद एआर बुहारी की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ से विशेष अनुमति याचिका को वापस लेने का अनुरोध किया। वकील ने बुहारी के जमानत के लिए भी उचित कोर्ट में जाने की इजाजत भी मांगी। पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे।

आरोपी बुहारी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए पीठ ने याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी।

इसके पहले आठ मार्च के अपने आदेश में, मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था कि बुहारी ने याचिकाएं दायर करना जारी रखा और याचिका लंबित होने का दावा करते हुए मुकदमे को

लंबा खींचा और खुद पर जांच में देरी को आमंत्रित किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के प्रमोटर बुहारी और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के अन्य अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। जांच से पता चला कि बुहारी कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, कोल एंड ऑयल ग्रुप दुबई और मॉरीशस व ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित अन्य अपतटीय संस्थाओं को नियंत्रित कर रहे थे।

पीएसयू को निम्न गुणवत्ता का कोयला दिया गया था। इसके लिए सीईपीएल या एमएमटीसी द्वारा निविदाएं जारी और निष्पादित की गई थीं। सीईपीएल द्वारा सीधे या एमएमटीसी के माध्यम से निम्न गुणवत्ता का कोयला अधिक मूल्य पर फर्जी सैम्पल और विश्लेषण प्रमाणपत्र (सीओएसए) के साथ आपूर्ति की गई थी। कोयले की वास्तविक गुणवत्ता को दशार्ने वाले मूल सीओएसए को दबा दिया गया था।

जांच के दौरान यह भी पता चला कि बुहारी ने अधिक मूल्य पर निम्न गुणवत्ता के कोयले की आपूर्ति कर 564.48 करोड़ रुपये अर्जित किए।

लोहा मंडी क्षेत्र होगा 200 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स से जगमग, मिलेगा अंधेरे से छुटकारा : डॉ.अतुल जैन

अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी कराया जायेगा संस्थागत विकास

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोहा व्यापार मंडल एवं जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण,नगर निगम के सहयोग से लोहा मंडी क्षेत्र के अलावा अन्य आद्योगिक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स,सड़कों का निर्माण बड़े पैमाने पर कराने की योजना तैयार की गई है। लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि लोहा मंडी से संपूर्ण भारत वर्ष में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी परियोजनाओं में लोहे की आपूर्ति की जाती है और करोड़ों रुपए का कारोबार किया जाता है। बड़ी मात्रा में जीएसटी और अन्य करों के रूप में सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व में सहयोग किया जाता है।

डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से यहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया था, टूटी हुई सड़कों के कारण दुघर्टनाएं होती थीं और हर समय धूल उड़ती थी, क्षेत्र में अंधकार का रहने जैसी समस्याओं से व्यापारियों कर्मचारीयों और मजदूरों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता था। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों के फल स्वरुप जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी के माध्यम से संपूर्ण जनपद गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के कार्य प्रारंभ किए गए हैं । डॉ.अतुल जैन ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि लोहा मंडी में भी 200 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स और 10 हाई मास्ट लाइट्स उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा लगाई जा रही हैं जिसके लिए हम सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के आभारी हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में सेमी हाई मास्ट लाइट्स राज्यसभा सांसद डॉ.अनिल अग्रवाल ने अपनी सांसद निधि से और दिनेश गोयल सदस्य विधान परिषद ने अपनी निधि से लोहा मंडी क्षेत्र में 10-10 सेमी हाई मास्ट लगवाई थीं।

नगर निगम ने भी समय समय पर लगाई थीं नई लाइट्स

करंट क्राइम। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल जैन ने बताया कि उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारालोहा मंडी में नये खम्भे और लाइट्स लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा समय समय पर नगर निगम भी प्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याओंद का समाधान करता रहता है। डॉ.जैन ने आश व्यक्त की है कि जन सुविधाओं और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विकास के कार्य लोहा मंडी क्षेत्र और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में करने के लिए संस्था सदा प्रयासरत है। आने वाले समय में निश्चित रूप से एक आदर्श लोहा मंडी के रूप में गाजियाबाद की लोहा मंडी अवश्य ही विकसित होगी। अतुल कुमार जैन और उनकी संस्था के पदाधिकारी जय कुमार गुप्ता, अमरीश जैन बंटू, महेश गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल और कपिल जैन ने लोहा मंडी क्षेत्र का भ्रमण करके खम्भों के लगाने की प्रगति को देखा।

मुर्गा टू मटन अब सब रूल हो गये हैं एकदम टनाटन

समय के साथ साथ सब बदल जाता है अब भगवा लहर वाले शहर को ही देख लो कितना बदला है। 2017 में भगवा सरकार आते ही अफसरों ने कटटीघर से लेकर चिकन कार्नर घेर लिये थे। फूल वालों की भगवा सरकार और इधर रूल की भरमार। योगी ने कहा भी नही और अफसरों ने कटटीघरों पर सील लगा दी। मुर्गे बकरे वाले भागें फिरें कि क्या आफत आ गई। वो दौर था जब फूड का लाइसेंस रूल एक ही लेकिन कसाई के लिये नियम अलग हो गये थे। कुछ उत्साही तो दुकाने बंद कराने भी पहुंच गये थे। एक जनप्रतिनिधि ने तो जोश में आकर आदेश भी जारी कर दिया था। मगर देश में संविधान नाम की भी एक किताब है लिहाजा चैनलों पर फजीहत होते ही आदेश वापिस हुया। लेकिन समय के साथ बहुत कुछ बदल रहा है और बदला है। मुर्गा टू मटन अब सब साइलेंट है। अब कटटीघर भी चल रहे हैं और मीट शाप पर भी मेला है

कहने को ये है भगवा किला पर एक अफसर नही हिला

कमलनगरी में जो कुछ हुया है वो किसी से भी तो छिपा नही है। कहने को ये भगवा किला है लेकिन किले वालों के पूरे जोर लगाने के बाद भी एक अफसर उनसे नही हिला है। सरकारी महकमें वाले ही बताते हैं कि फूल वालों को किस बात का गिला है और कौन सा पहली बार ये सिला मिला है। दिशा की बैठक में विधायक आये नही और सितम ये भी हुया कि उसके बाद अफसरों ने बुलाये भी नही। मेयर से लेकर विधायक तक मोर्चा खुल गया मगर सरकार वालों को इतना लाचार पहले किसी सरकार में नही देखा गया। चार जून के बाद वाली वार्निंग पर चुटकी भी सरकारी बाबू ने ही ली। उसने कहा कि हमने तो पहली बार ऐसा भगवा फोर्ट देखा हैं जहां वोट पूरी सपोर्ट पूरी लेकिन चलेगी अफसरों की। ये तो बस कहने को ही मजबूत वाला भगवा किला है लेकिन आप देख लो फूल वालों के फुल जोर लगाने के बाद भी एक अफसर तक उनसे नही हिला है

विधानसभा से लेकर मौहल्ले के फूल वालों में बज रहा है लठ

जिन्हे लोकसभा पहुंचना था वो पहुंच गये और वहां जाकर जिन्दाबाद के साथ गाजियाबाद की आमद दर्ज करा दी। लेकिन अब उनकी विधानसभा में दावेदारी का लठ फूल वालों में ही पटक रहा है। फूल वाले लाला जी ने कहा कि लो जी जिस समाज के वोट ही गिनती के हैं उन्हे सबसे पहले विधानसभा का टिकट चाहिये जो लोकसभा चुनाव में कहीं नजर नही आये वो विधानसभा के दावेदार बन कर पैरोकारी करा रहे हैं। अब पता चला है कि मौहल्ले वाले भी पूरे हल्ले काट रहे हैं। दावेदारी का फुल लठ फूल वालों में बज रहा है और कमाल ये है कि जहां से टिकट होना है वहां अभी जिक्र भी नही हो रहा है। टिकट गली वालों में ही तय हो जाता है, मौहल्ले वालों में ही कट जाता है और विधानसभा का टिकट कभी इस पार चला जाता है तो कभी उस पार चला जाता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ फाईन आर्ट्स में पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह हुआ

मोदीनगर, करंट क्राइम। इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स परिसर में पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक एसके राय व संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा, शिक्षकों व समारोह में पंहुचे पूर्व छात्र-छात्राओं ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एसके राय ने संस्थान के अब तक के पासआउट आगंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्यों कि हमें लंबे समय बाद पूर्व छात्र-् छात्राओं से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। संस्थान हमेशा अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करता रहेगा और आशा करता हूं कि पूर्व विद्यार्थी तन व मन से संस्थान के विकास के लिए अपने अनुभव से सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी आगंतुक पूर्व छात्र-छात्राओं को जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा संस्थान की ओर से

तिलक लगाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समारोह में पूर्व छात्र अशोक चैहान ने भी शिरकत की, जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्म दिवस के अवसर पर कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान की 2006-2010 बैच की छात्रा ईशा शुक्ला जो 2007 में संस्थान की सर्वोत्तम प्रशिक्षु घोषित किया गया था। शिक्षण सत्र के दौरान असमय ईशा की मृत्यु हो गई थी, इसी की याद में शुक्ला दंपति जेपी शुक्ला व श्रीमती वंदना शुक्ला ने अपनी पुत्री की स्मृति में हर वर्ष संस्थान के प्रथम वर्ष के सर्वोत्तम प्रशिक्षु को पचास हजार का चेक पुरस्कार के रूप में देते हैं। इस वर्ष प्रथम वर्ष के सिद्धार्थ को प्रशस्ति पत्र व पचास हजार का चेक पुरस्कार के रूप में संस्थान के पूर्व छात्र व राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित अशोक चैहान के हाथों से प्रथम वर्ष के छात्र सिद्धार्थ को प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के मैनेजर डॉ0 संघर्ष शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, नीलांजना चौहान, डॉ0 रुचि विद्यार्थी, प्रशांत झा, ओमपाल सिंह, प्रीति शर्मा, अनुराधा, आभा शर्मा, कविता आदि का सहयोग रहा।

आईएमएस में फैकल्टी डेवलपमेंट के लिए कार्यशाला आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आईएमएस कोर्सेज कैंपस में दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गयपा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं वक्ता अजय भागवत निदेशक इंपोड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं आईएमएस के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकगणों को कोर्स ऑउटकम प्रोग्राम्स ऑउटकम्स के बारे में बताने के साथ उनके मैपिंग की प्रक्रिया को समझाना रहा। किसी भी विषय के पाठ्यक्रम का छात्रों पर परिणाम को जानने के लिए कोर्स ऑउटकम्स प्रोग्राम्स ऑउटकम्स को समझना बहुत जरूरी है, साथ ही इन्हे मैप किये

बिना परिणाम प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है । अतिथि द्वारा आउटकम बेस्ड एजुकेशन को समझाते हुए इसकी महत्ता को भी बताया। कार्यशाला का आयोजन नई शिक्षा पद्धति को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यशाला के संचालन में डॉ. इन्द्राणी भट्टाचार्जी एवं प्रो. सुनील कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

चार दिन से लापता युवक का शव बरामद

मोदीनगर, करंट क्राइम। चार दिन से लापता एक युवक का शव पुलिस ने रजवाहे से बरामद किया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। गांव असदपुर नागल में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव रजवाहे में बहता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरन्त इसकी सूचना निवाड़ी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रजवाहे से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। थोड़ी देर में ही युवक की शिनाख्त 23 वर्षीय रजनीश निवासी गांव कैथवाड़ी थाना रोहटा जिला मेरठ के रूप में हो गई। मृतक चार दिन से लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर युवक का शव रजवाहे में फेंका गया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मृतक युवक चार दिन से लापता था। परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

गाजियाबाद टैक्सेशन बार कार्यकारिणी का शपथ समारोह सम्पन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं संगोष्ठी उनएच-24 स्थित होटल रेड के वेलवेट में आयोजित की गई। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन व सदस्य द्वारा शपथ दिलाई गई जिसमें निर्वाचित अध्यक्ष विनीत त्यागी महामंत्री, मधुकर गुप्ता उपाध्यक्ष , मनोज कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, उदित गर्ग ऑडिटर, अजय कुमार सूर्यवंशी सचिव, जीएसटी फंड भाटी, सचिव इनकम टैक्स नितिन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष धीरज सेठी ,ज्वाइंट सचिव जीएसटी उपेंद्र दत्त शर्मा ,कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार गुप्ता एवं लव कुश सिसौदिया को शपथ दिलाई गई ।

अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद विनीत त्यागी ने संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में अधिवक्ता हित के लिये संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग एवं स्थानीय विधायक अजीत पाल त्यागी , दिनेश कुमार मिश्र, आदेश चंद्र अग्रवाल ,अरुण कुमार त्रिपाठी , हर्ष शर्मा, विक्रमजीत सिंह भदौरिया ,राकेश त्यागी कैली ,स्नेह त्यागी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एक संगोष्ठी का भी

आयोजन किया गया जिसमें साइबर क्राइम पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी मुख्य वक्ता रहे। श्री त्रिपाठी ने विस्तृत रूप से साइबर क्राइम के संबंध में अधिवक्ताओं को जानकारी दी एवं बताया कि अधिवक्ता किस रूप में जनमानस की सहायता कर सकते हैं । कार्यक्रम में दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए 200 से अधिक अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अमित शर्मा द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के संयोजक पुनीत कंसल रहे ।

दुकान दिलाने के नाम पर महिला से ठगे छह लाख रुपए

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक महिला को मेरठ में दुकान दिलाने के नाम पर उससे पौने छह लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पैसे वापस मांगने पर घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर उसके कपड़े तक फाड़ डाले। महिला ने पुलिस कमिशनर को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला का अपने पति से काफी समय से विवाद चल रहा है जिस कारण वह अपने पिता के साथ रहती है। आरोप है कि एक महिला ने मेरठ में दुकान दिलाने की बात कही। इसके बाद उस महिला को 5.86 लाख रुपए दे दिए। अब जब दुकान दिखाने की बात कहत हैं तो वह टाल मटोल कर रही है। आरोपी महिला ने एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। इसकी शिकायत करने पर महिला आग बबूला हो गई। आरोप है कि घर में घुसकर पीड़िता के साथ मारपीट की और कपड़े तक फाड डाले। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

15 दिन से लापता युवक का सुराग नहीं, अनहोनी की आशंका

मोदीनगर, करंट क्राइम। 15 दिन से अधिक समय से लापता एक युवक का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। नगर की हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी नरेश शर्मा परिवार सहित रहते हैं। उनका पुत्र रजनीश शर्मा 12 जून को मोदीनगर से नोएड़ा ड्यूटी पर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी युवक का अभी तक कोई पता नहीं चला है। 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। उधर परिजनों ने किसी भी अनहोनी की आशंका पुलिस से व्यक्त की है।

क्या पिंक बूथ की रैकिंग होगी जारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला सशक्तिकरण और नारीशक्ति के कई रूप देखने को मिले हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद प्रदेश में पिंक बूथ की व्यवस्था को लेकर चर्चा में भी रहता है। तारीफ भी होती है तो अभी कई कमियां और खामियां भी सामने आती रहती हैं। अब सुनने में आ रहा है कि पिंक बूथ की व्यवस्था को लेकर कई तरह के प्रयास के बाद भी अभी यह शतप्रतिशत नहीं बन पा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद पोस्टिंग के पैरामीटर से लेकर इंटरव्यू और अब पिंक बूथ से दो महिला टू-स्टार को थाने का चार्ज मिलने का मामला भी दर्शा रहा है कि वर्किंग में कुछ अंतर आ रहा है। अब ऐसे में पुलिस महकमें की ही महिला टू-स्टार सवाल उठा रही है कि आखिर पिंक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों की रैंकिंग रिपोर्ट कब जारी की जाएगी। बीते दिनों पिंक बूथ को लेकर कुछ छोटे-बड़े बदलाव भी किए गए हैं। अब कई आईपीएस अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि पिंक बूथ की दशा सुधारने के लिए एक महिला अधिकारी अलग से नियुक्त भी हो गई थीं। सुनने में आ रहा है, इन सबके बावजूद पिंक बूथ की व्यवस्था का आमजन में कितना सुधार है यह पब्लिक वाले ही बता सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि अभी भी थाने में ही अधिकांश महिला संबंधी मामलों को महिला हेल्पडेस्क के जरिये निपटाया जाता है। कुछ ही मामलों में पिंक बूथ की आवश्यकता आती है। तो वही चर्चा यह सुनाई दे रही है कि अब महिला सब इंस्पेक्टर ही आवाज उठा रही हैं की पिंक बूथ के प्रभारी की भी रैंकिंग रिपोर्ट जारी हो पता चल सके कि कौन बेहतर काम कर रहा है और कौन नहीं कर रहा है। किसके काम में दम है और कौन काम कर रहा है। कुल मिलाकर सुनने में आ रहा है कि जुलाई की रैपिंग वाली रिपोर्ट से क्लीयर हो पाएगा कि कौन कितना काम कर रहा है और कौन कम कर रहा है। वैसे कमिनश्रेट वाले सूत्रों का कहना है कि पिंक बूथ से जुडे कार्यों के बाद उनको सामान वाली डिमांड भी बीते महीने पूरी हो गई थी, अब देखना होगा कि कौन बेस्ट देता है और कौन रेस्ट की ओर भेजा जाता है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों हुए छोटे बदलावों के बाद अब जल्द ही कुछ नए फेस भी देखने को मिलेंगे, जो पिंक बूथ की वर्किंग और सुधारने में मदद करेंगी।

दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए महिलाओं ने तहसील का घेराव किया

अवैध रूप से बने रिसोर्ट को ध्वस्त करने की मांग की

मोदीनगर, करंट क्राइम। दुष्कर्म से आहत होकर आत्महत्या करने वाली कक्षा आठ की छात्रा को इंसाफ दिलाने की मांग लेकर कई महिला संगठनों ने तहसील का घेराव कर जमकर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। सामाजिक संगठन से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि जिस क्यूब रिसोर्ट होटल में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, उसे ध्वस्त किया जाए। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ ही मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलाया जाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने अपनी मांगों से संबन्धित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं एकत्रित होकर तहसील पंहुचीं और उन्होंने प्रदर्शन के दौरान उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि दिल्ली-

मेरठ मार्ग तहसील के सामने क्यूब रिसोर्ट होटल में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था। दुष्कर्म से आहत होकर 19 जून को छात्रा ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। जिस होटल में दुष्कर्म किया गया है, वह अवैध रूप से बना हुआ है। प्रशासन को जांच कराकर होटल हो ध्वस्त कराना चाहिए। उनका कहना है कि शहर में होटलों की बाढ़ सी आ गई है। इन होटलों में ही कम उम्र की बच्चियों के साथ अपराध हो रहा है। बिना अनुमति के चलने वाले सभी होटलों को तुरन्त बंद कराया जाए। महिलाओं का कहना है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाई जाए। जेल भेजे गए होटल संचालक आशीष, अंकित निवासी सुदामापुरी पर भी पॉस्को एक्ट की धारा लगाई जाए। मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। महिलाओं ने उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता को एक ज्ञापन भी दिया। उपजिलाधिकारी ने जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

टीटीपी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में पाकिस्तानी सेना, अफगानिस्तान से बढ़ सकता है तनाव

इस्लामाबाद। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान पाकिस्तान को आतंकवाद का 'निर्यात' कर रहा है और आतंकवाद के निर्यातकों को वहां शरण दी जा रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान नए आतंकवाद रोधी सैन्य अभियान के तहत अफगानिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह टीटीपी के ठिकानों को निशाना बना सकता है। साथ ही उन्होंने इस खतरनाक संगठन के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया। पाकिस्तान की सरकार ने पिछले सप्ताह ही आतंकवाद रोधी अभियान के तहत 'ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि पाकिस्तान आरोप लगाता है कि टीटीपी के आतंकी पाकिस्तान में हमले कर अफगानिस्तान भाग जाते हैं। पाकिस्तान की सरकार ने अफगानिस्तान से टीटीपी के आतंकियों को सौंपने की मांग की थी, लेकिन अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

यही वजह है कि अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान के अनुसार अगर पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में टीटीपी के ठिकानों पर हमले किए तो इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है। रक्षा मंत्री ने इमरान खान पर लगाए आरोप

ख्वाजा आसिफ ने कहा कि टीटीपी पड़ोसी देश से काम कर रहा है, लेकिन इसके कैडर, जिनकी संख्या कुछ हजार है वह देश के भीतर से भी काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिबंधित संगठन के साथ बातचीत की किसी भी संभावना को भी खारिज कर दिया और कहा कि हमारे बीच कोई सहमति नहीं है। आसिफ ने पाकिस्तान में तालिबान आतंकवादियों के पुनर्वास के लिए जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 'खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार बातचीत के बाद 4,000 से 5,000 तालिबानियों को वापस लेकर आई।

अफगानिस्तान से बढ़ सकता है तनाव

अमेरिका के एक सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, 'अज्म-ए-इस्तेहकाम के तहत सीमा पार टीटीपी के पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।' एक पाकिस्तानी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि 'यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान पाकिस्तान को आतंकवाद का 'निर्यात' कर रहा है और आतंकवाद के निर्यातकों को वहां शरण दी जा रही है।'

20वीं सीपीसी केंद्रीय कमेटी का तीसरा अधिवेशन 15 से 18 जुलाई तक होगा

बीजिंग। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो ने गुरुवार को बैठक कर चौतरफा तौर पर सुधार गहराने और चीनी शैली के आधुनिकीकरण और आगे बढ़ाने पर विचार किया। सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने इसकी अध्यक्षता की। इस बैठक ने फैसला किया कि 20वीं सीपीसी केंद्रीय कमेटी का तीसरा अधिवेशन 15 से 18 जुलाई तक पेइचिंग में होगा। सीपीसी केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो ने चौतरफा तौर पर सुधार गहराने और चीनी शैली के आधुनिकीकरण और आगे बढ़ाने पर सीपीसी केंद्रीय कमेटी के फैसले नामक दस्तावेज के बारे में पार्टी के अंदर और बाहर राय लेने की स्थिति की रिपोर्ट सुनी और फैसला किया कि इस बैठक की रायों के मुताबिक संशोधित दस्तावेज 20वीं सीपीसी

केंद्रीय कमेटी के तीसरे अधिवेशन में प्रस्तुत किया जाएगा। इस बैठक ने बल दिया कि चौतरफा तौर पर सुधार गहराने का आम लक्ष्य चीनी विशेषता वाली समाजवादी व्यवस्था का सुधार व विकास जारी रखना और राष्ट्र की शासन व्यवस्था और शासन क्षमता का आधुनिकीकरण बढ़ाना है। वर्ष 2035 तक पूरी तरह उच्च स्तरीय समाजवादी बाजार अर्थव्यवस्था का निर्माण पूरा किया जाएगा, चीनी विशेषता वाली समाजवादी व्यवस्था अधिक संपूर्ण होगी, आम तौर पर देश की शासन व्यवस्था और शासन क्षमता का आधुनिकीकरण और समाजवादी आधुनिकीकरण पूरा होगा, जो इस शताब्दी के मध्य में चौतरफा तौर पर शक्तिशाली आधुनिक समाजवादी देश का निर्माण पूरा करने के लिए ठोस आधार रखेगा।

1 जुलाई को आधिकारिक तौर पर लागू होगा चीन-सर्बिया मुक्त व्यापार समझौता

बीजिंग। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि चीन और सर्बिया दोनों ने अपनी-अपनी घरेलू अनुमोदन प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और चीन-सर्बिया मुक्त व्यापार समझौता 1 जुलाई को आधिकारिक तौर पर लागू होगा।

चीन-सर्बिया मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद, चीन और सर्बिया कदम ब कदम 90% कर वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क समाप्त कर देंगे। उनमें से, 60% से अधिक कर वस्तुओं के टैरिफ समझौते के प्रभावी होने के दिन तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

दोनों पक्षों के अंतिम शून्य टैरिफ सामान के आयात का अनुपात लगभग 95% तक पहुंच जाएगा। साथ ही, समझौता मूल नियम, सीमा शुल्क प्रक्रिया, व्यापार सुविधा, बौद्धिक संपदा संरक्षण और प्रतिस्पर्धा जैसे कई क्षेत्रों में संस्थागत व्यवस्था भी स्थापित करता है, जो दोनों के उद्यमों के लिए अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और स्थिर व्यावसायिक वातावरण प्रदान करेगा। चीन-सर्बिया मुक्त व्यापार समझौते



का कार्यान्वयन दोनों देशों के नेताओं द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति और तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शिखर सम्मेलन फोरम के परिणामों को लागू करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है।

सीरिया में इजरायली मिसाइल हमले में 2 की मौत

दमिश्क। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी सीरिया के कई सैन्य स्थलों पर इजरायली मिसाइल हमले किए गए जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, वहीं एक सैन्यकर्मी के घायल होने की खबर है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायल ने बुधवार देर रात सीरिया के दक्षिणी क्षेत्र पर कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स से कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमला किया।

सीरियाई वायु रक्षा बल कुछ मिसाइलों को रोकने में कामयाब रहा, उन्हें मार गिराया गया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण क्षेत्र के सैय्यदा जैनब उपनगर में हुए हमले की रिपोर्ट दी। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि इजरायली मिसाइलों ने सीधे उस जगह को निशाना बनाया, जहां लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया से संबद्ध जिहाद अल-बीना फाउंडेशन के सर्विस सेंटर में वाहन खड़े थे।

भारतीय लेखिका को फ्रांस ने नाइटहुड से किया सम्मानित

सगापुर। भारतीय मूल की लेखिका पूजा नैंसी और एक अन्य शख्स इवान हेंग को सगापुर और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए फ्रांसीसी संस्कृति मंत्रालय की तरफ से नाइट्स आफ द आर्डर आफ आर्ट्स एंड लेटर्स से नवाजा गया है। सगापुर में फ्रांस के राजदूत मिन्ह-दी तांग ने सगापुर के मंत्री एडविन टोंग की उपस्थिति में गुरुवार शाम को नैन्सी और हेंग को यह पुरस्कार प्रदान किया। शेवेलियर डे ल'आर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (नाइट्स आफ द ऑर्डर आफ आर्ट्स एंड लेटर्स) फ्रांस के संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्थापित सर्वोच्च योग्यता है। किन लोगों को दिया जाता है ये अवॉर्ड यह उन लोगों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने कला, साहित्य या इन क्षेत्रों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सिंगापुर में फ्रांस के दूतावास ने गुरुवार को कहा कि

सांस्कृतिक संबंधों को किया मजबूत

नैन्सी और हेंग को शेवेलियर डी ल'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस नियुक्त किया गया है। नैंसी सिंगापुर राइटर्स फेस्टिवल की पूर्व निदेशक थी। दूतावास ने कहा, 'फ्रांसीसी साहित्य के प्रति उनके समर्पण ने सिंगापुर और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक संबंधों को काफी मजबूत किया है।'

श्रीलंका में 60 भारतीय गिरफ्तार, वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में हुई कार्रवाई

कोलंबो। श्रीलंका में ऑनलाइन वित्तीय घोटालों में शामिल होने के आरोप में 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कोलंबो के मदीवेला, बट्टारामुल्ला और पश्चिमी तटीय शहर नेगोंबो से गिरफ्तार किया गया।

छापेमारी में कई मोबाइल और लैपटॉप जब्त पुलिस प्रवक्ता एसएसपी निहाल थल्दुवा के अनुसार, इस छापेमारी में 135 मोबाइल और 57 लैपटॉप जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के बाद की गई थी। नेगोंबो में एक घर पर छापेमारी के दौरान सामने आए प्रमुख सबूतों के बाद 13 संदिग्धों की प्रारंभिक गिरफ्तारी हुई और 57 फोन और कंप्यूटर जब्त किए गए। बाद में की गई कार्रवाइयों में 19 अतिरिक्त गिरफ्तारियां हुईं। कार्रवाई में दुबई और अफगानिस्तान

छापेमारी में 135 मोबाइल जब्त

में अंतरराष्ट्रीय संबंध उजागर हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में स्थानीय और विदेशी दोनों शामिल हैं। ऐसा संदेह है कि वे वित्तीय धोखाधड़ी, अवैध सट्टेबाजी और जुए की विभिन्न गतिविधियों में शामिल थे।

इजरायल पर लेबनान से दागे गए 35 रॉकेट, कोई जनहानि नहीं

यरूशलेम। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा है कि लेबनान से लगभग 35 रॉकेट और मिसाइल उत्तरी इजराइल के सफेद शहर पर दागे गए, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) की हवाई रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोक दिया। देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है।

मेरोम हागलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक मिसाइल एक घर पर गिरा। अग्निशमन और बचाव प्राधिकरण ने बताया कि कई जगहों पर आग लग गई और बिजली गुल होने के कारण लोग लिफ्ट में फंस गए। इस बीच, न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लेबनानी सशस्त्र समूह



हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के नबातिह शहर और पूर्वी लेबनान के सोहमोर शहर पर एक दिन पहले हुए इजरायली हमलों के जवाब में सफेद में इजरायली हवाई अड्डे पर रॉकेट से हमला किया है।

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया कि कुछ रॉकेटों को इजरायली आयरन डोम द्वारा रोक दिया गया। हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायल-लेबनान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच हुए। इजरायल ने चेतावनी दी थी कि वह हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने के लिए तैयार है।

एक अलग बयान में, आईडीएफ ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने गुरुवार को दक्षिणी लेबनान के राम्याह गांव में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे पर हमला किया और अत तिरी गांव में हिजबुल्लाह के दो गुर्गों को मार गिराया।

अज्ञात लेबनानी सैन्य सूत्रों ने सिन्हुआ को पुष्टि की कि रम्याह और हद्दाथा पर दो इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और एक घायल हो गया। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है।

पहली 'लड़ाई' में बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप

- राष्ट्रपति की सेहत को लेकर उठे सवाल

नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस का गुरुवार को आयोजन किया गया। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा। अब मीडिया चैनल के पोल में दावा किया गया है कि बहस देखने वाले अधिकतर लोगों ने माना है कि इस बहस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारी पड़े।

सर्वेक्षण में बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप गुरुवार को लगभग 90 मिनट तक चली बहस के दौरान, राष्ट्रपति बाइडन और ट्रंप ने अर्थव्यवस्था, आव्रजन, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बहस की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को झूठा और अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति कहा। पोल में कहा गया है कि बहस टीवी पर देखने वाले पंजीकृत 33 प्रतिशत लोगों में से 67 प्रतिशत ने माना कि पहली बहस में ट्रंप, बाइडन पर भारी पड़े। गौरतलब है कि बहस से पहले हुए सर्वेक्षण में भी ट्रंप को ही बाइडन से आगे बताया गया था।

गुरुवार बहस देखने वालों में से 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें बाइडन की देश का नेतृत्व करने की क्षमता पर भरोसा नहीं है, वहीं 44 प्रतिशत ने ट्रंप की क्षमताओं पर शक जाहिर किया।

यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने बाइडन को घेरा अफगानिस्तान से सेना को वापस बुलाने के फैसले पर भी ट्रंप ने हमला बोला और कहा कि 'जिस दिन अफगानिस्तान से सेना को वापस बुलाया गया, वह हमारे इतिहास का सबसे शर्मनाक दिन था।' ट्रंप ने कहा कि 'अगर मैं सेना को वापस बुलाता तो पूरे सम्मान, ताकत और शुचिता के साथ ही वहां से सैनिकों की वापसी होती।' बहस के दौरान जो बाइडन ने कैपिटल हिल दंगे के लिए ट्रंप पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'यह व्यक्ति (ट्रंप) दोषी है।

कैपिटल हिल हिंसा को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया। जिन लोगों ने कैपिटल हिल पर हमला किया, क्या ये उनकी निंदा करेंगे?' इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि 'आपका बेटा एक दोषी है। जो बाइडन ने बतौर राष्ट्रपति जो भी काम किए हैं, उनके लिए इन्हें भी दोषी ठहराया जा सकता है। यह व्यक्ति एक अपराधी है। मैंने कुछ गलत नहीं किया।' ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध को लेकर बाइडन पर निशाना साधा और कहा कि 'अगर वह राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता।'

बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर उठे सवाल

बहस के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन की सेहत को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल पूरी बहस के दौरान जो बाइडन बोलने में लड़खड़ाते और संघर्ष करते नजर आए। वहीं ट्रंप पूरे जोश में दिखे। यही वजह है कि बहस के बाद बाइडन की उम्र संबंधी चिंताओं को लेकर चर्चा फिर से गर्म हो गई है। बाइडन बोलने के दौरान बार-बार लड़खड़ा रहे थे, बार-बार लाइनें दोहरा रहे थे। इस दौरान उन्होंने गलत बयानबाजी भी की और कई बार वह लंबे समय तक स्थिर रहे। जिससे उनकी बढ़ती उम्र को लेकर सवाल उठने लाजमी हैं। बाइडन अभी 81 साल के हैं और कई लोगों का मानना है कि बाइडन की सेहत को देखते हुए वह चार साल का कार्यकाल पूरा करने के लिए फिट नहीं हैं।

ट्रंप प्रशासन में उपराष्ट्रपति बनकर सम्मानित महसूस करूंगा, राष्ट्रपति चुनाव पर बहस के बीच बोले रामस्वामी

न्यूयार्क। पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुरुवार को जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप को लेकर 90 मिनट तक बहस चली। इस दौरान कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने कहा कि बाइडन-ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव स्वतंत्र विश्व के नेता का चुनाव है। भारतीय-अमेरिकी करोड़पति उद्यमी विवेक रामस्वामी जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा था, उन्होंने अब ट्रंप प्रशासन में उपराष्ट्रपति बनने के लिए अपनी उत्सुक्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप प्रशासन में उपराष्ट्रपति के रूप में खुद को सम्मानित महसूस करेंगे।

रामस्वामी ने यह स्पष्ट किया कि ट्रंप अभियान के दौरान उनसे संपर्क नहीं किया गया है। 38 वर्षीय रामस्वामी जनवरी में राष्ट्रपति की दौड़ से बाहर हो गए थे। एटलांटा में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद के लिए जारी डिबेट के बीच रामस्वामी ने कहा, मैं डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक चीज सोच

रहा हूं, वह अपने दूसरे कार्यकाल के लिए बहुत महत्वकांक्षी हैं। वह अपने पहले कार्यकाल से भी अधिक शक्तिशाली होंगे। रामस्वामी से रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उप-राष्ट्रपति चुने जाने को लेकर भी सवाल किया गया। उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें अभी तक इसके बारे में नहीं पूछा गया, लेकिन ट्रंप प्रशासन में उपराष्ट्रपति बनकर वह खुद को सम्मानित महसूस करेंगे। रामस्वामी ने कहा, भविष्य को लेकर हमने बहुत बातें की। उन्होंने मुझे अपना उप-राष्ट्रपति बनाने को लेकर कोई बात नहीं की। वह पूछते हैं कि क्या उनमें देश की सेवा करने और अमेरिका प्रथम की भावना को आगे बढ़ाने की क्षमता है। बाइडन-ट्रंप की बहस पर कैलिफोर्निया के गवर्नर ने दी प्रतिक्रिया

बता दें कि पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुरुवार को जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप को लेकर 90 मिनट तक बहस चली। इस दौरान कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने कहा कि बाइडन-ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव स्वतंत्र विश्व के नेता का चुनाव है। इसका प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ेगा। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, इसका प्रभाव पूरे विश्व में पड़ने वाला है। इसे दुनिया भर में महसूस किया जाएगा। यह एक स्वतंत्र विश्व के नेता का चुनाव है। अमेरिका मायने रखता है। यह हमारे साधारण अधिकार नहीं बल्कि नैतिक अधिकार के बारे में है। भारत-अमेरिका के संबंधों पर बात करते हुए गेविन न्यूसम ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत सबसे महत्वपूर्ण साझेदार की भूमिका निभाने जा रहा है। डेमोक्रेटिक फंडरेजर अजय भुतोरिया ने कहा, ₹राष्ट्रपति बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के डिबेट का मतलब है अंधेरे और प्रकाश के बीच चर्चा। यह चर्चा प्रगति और प्रतिगमन के बीच है। उन्होंने आगे कहा, हमने देखा कि ट्रंप प्रशासन के तहत विनिर्माण क्षेत्र में सबसे ज्यादा नौकरियां खत्म हुईं। बाइडन प्रशासन में हमने स्थिरता देखी, सभी समुदाय को एक साथ लाने का प्रयास और बुनियादे ढांचे में बड़ा निवेश देखा।

चांद से 1935.3 ग्राम धूल और चट्टान के नमूने लेकर आया चांग ई-6 अंतरिक्ष यान

बीजिंग। चीन विश्व का एकमात्र देश है, जिसके द्वारा चांद के सुदूर क्षेत्र में कदम अपना अंतरिक्ष यान उतारा गया और वहां मौजूद धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र किए। चांग ई-6 अभियान के तहत चांद की सतह से 1935.3 ग्राम नमूने एकत्रित किए गए हैं। चीन ने अंतरिक्ष यान चांग ई-6 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में कदम रखा और वहां से करीब दो किलोग्राम मिट्टी और चट्टान के नमूने पृथ्वी पर लाकर इतिहास रच दिया। इस कदम को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नई क्रांति माना जा रहा है। अब चीन ने अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि चांद से लाए गए नमूनों का परीक्षण होने जा रहा है।

चांद का निर्माण कैसे हुआ? जल्द हो सकता है खुलासा नमूनों के परीक्षण से इस बात का खुलासा हो सकता है कि चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। चीन द्वारा इन नमूनों पर करीब छह महीने तक शोध किया जाएगा और इसके बाकी संस्थानों के अन्वेषण के लिए इन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। जी पिंग का कहना है कि इस दौरान चीन दुनिया भर के वैज्ञानिकों को शोध के लिए भी आमंत्रित करेगा। चांग ई-6 अंतरिक्ष यान मंगलवार को धरती पर वापस लौटा था। चांद के जिस क्षेत्र में अभी तक किसी देश ने कदम नहीं रखा, चीन के चांग ई-6 ने ऐसे क्षेत्र से नमूने एकत्र



किए और धरती पर वापस आ गया। चीन के अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक कार्यक्रम चीन के अंतरिक्ष अन्वेषण में यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम साबित हुआ है। यह अभियान पूर्ण रूप से सफल रहा। चांग ई-6 को उत्तरी चीन के सिजिवांग में उतारा गया था। अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद चांग ई-6 को इस वर्ष 3 मई को चांद पर प्रक्षेपित किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 2 जून को चांद के सुदूर क्षेत्र पहुंचा था। 4 जून को इसके द्वारा चांद की धूल और चट्टानों के नमूनों को एकत्रित करना शुरू किया। चीन के इस मिशन को पूरा होने में कुल 53 दिन लगे। चांग ई-6 इस मायने में भी खास है क्योंकि इसने चांद के उस हिस्से पर कदम रखा, जो हमेशा पृथ्वी से दूर रहा है और यहां पर कभी भी सूर्य की किरणें नहीं पड़ी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के नमूनों से वैज्ञानिक तौर पर अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2030 तक चांद पर मानव मिशन भेजेगा चीन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ा है और यह अमेरिका और रूस से मुकाबला करने की कोशिश कर रहा

चांद की धूल और चट्टानों पर शोध करेंगे वैज्ञानिक

चीन विश्व का एकमात्र देश है, जिसके द्वारा चांद के सुदूर क्षेत्र में कदम अपना अंतरिक्ष यान उतारा गया और वहां मौजूद धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र किए। चांग ई-6 के पुनः प्रवेश वाले भाग को सिजिवांग से बीजिंग लाया गया। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) का कहना है कि चांग ई-6 अभियान के तहत चांद से 1935.3 ग्राम नमूने एकत्रित किए गए हैं। सीएनएसए के सहायक निदेशक जी पिंग के अनुसार ह्यचांग ई-6 अभियान द्वारा लाए गए नमूनो की विशेषता यह है कि ये दिखने में गाढ़े हैं। शोधकताओं द्वारा चांद से एकत्रित किए गए नमूनों पर पूर्व में तय की गई योजना के तहत शोध किया जाएगा। चांद के बारे में जानने के लिए यह एक तरह का शोध साबित होगा।

समरकूल परिवार का प्रत्येक सदस्य कम्पनी की नींव का पत्थर है : संजीव गुप्ता

अकाउंट हेड इंदिरा किशोर की सेवानिवृत्ति पर संजीव गुप्ता व राजीव गुप्ता ने दी उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समरकूल होम एप्लायंसेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता व राजीव गुप्ता ने अपनी कंपनी की एकाउंट्स हेड इंदिरा किशोर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समरकूल ग्रुप में इंदिरा किशोर का सफर बतौर एकाउंट्स हेड के तौर पर दो दशकों से भी अधिक का रहा। इस अवसर पर कंपनी के समस्त स्टाफ ने मिलकर

केक काटकर, उनको शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संजीव गुप्ता ने कहा कि समरकूल ग्रुप से जुड़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति हमारे गोल्डन परिवार का सदस्य है और हम उन सभी को साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज समरकूल ब्रांड नंबर वन पर पहुंच सका है। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, रोहित गोयल, पंकज नोटियाल, अजय माथुर, तरुण कुमार, संदीप जैन, आदि मौजूद रहे।

'यूपीपीसीएल ने अरबों खर्च करने के बाद भी आपूर्ति की जिम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी को सौंपी,

दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति एनपीसीएल को सौंपने के पीछे हुआ है बड़ा खेला? कर्मवीर नागर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जहां एक तरफ यूपीपीसीएल ने गांवों में विद्युत प्रवाह को प्रॉपर करने और बिजली चोरी रोकने के नाम पर पुरानी केबिल्स की जगह नई केबिल्स बदलने का काम हाल ही में किया था, वहीं दूसरी ओर छोटी मिलक, इटैड़ा, शाहवेरी, हैवतपुर, रोजा याकूबपुर, मिलक लच्छी, पतवाड़ी, जलालपुर और सादुल्लापुर आदि गांवों की विद्युत सप्लाई की जिम्मेदारी यूपीपीसीएल की जगह प्राइवेट कंपनी एनपीसीएल को सौंपी जा रही है। जबकि यूपीपीसीएल द्वारा गांवों की विद्युत केबल्स बदलने पर अरबों खर्च करने के तुरंत बाद विद्युत आपूर्ति एनपीसीएल को सौंपने के पीछे का खेल फिलहाल

लोगों की समझ से परे है। प्रमुख कर्मवीर नागर का कहना है कि एनपीसीएल को विद्युत आपूर्ति के निर्णय की प्रक्रिया एक दिन का काम नहीं बल्कि यह प्रक्रिया काफी लंबे समय से चल रही होगी। उन्होंने कहा है कि अगर ऐसा था तो तो फिर केबल्स बदलने पर इतना भारी भरकम खर्च यूपीपीसीएल द्वारा करने के पीछे का असली सच क्या है ? औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांवों के साथ गांव और शहर के नाम पर एनपीसीएल द्वारा भेदभाव किया जाना कतई उचित नहीं है। कर्मवीर नागर का कहना है कि अगर एनपीसीएल ने औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांवों और शहरी क्षेत्र के बीच विद्युत आपूर्ति शेड्यूल का भेदभाव बंद नहीं किया तो यह मामला आगामी विधानसभा सत्र में गूंजेगा और इसके अलावा अगर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाने की जरूरत पड़ी तो उस स्तर तक भी लड़ाई लड़ी जाएगी।

शहर और गावों की सप्लाई में सौतेला भेदभाव

करंट क्राइम। यूपीपीसीएल से एनपीसीएल को विद्युत सप्लाई देने के निर्णय से अधिकतर बहुत आहत हैं क्योंकि एनपीसीएल जहां गांवों को अमूमन 14 घंटे विद्युत सप्लाई करती है वहीं शहरी क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत सप्लाई करके सौतेला भेदभाव करती है। जबकि सच्चाई यह है कि पंचायत राज व्यवस्था समाप्त होने के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों को औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इसीलिए इन गांवों की विद्युत आपूर्ति शहरी क्षेत्र में स्थित विद्युत फीडर से होने के कारण विद्युत बिल शहरी दरों से वसूला जा रहा है।

दो दिन की बारिश से पानी-पानी हुआ साहिबाबाद

साहिबाबाद, करंट क्राइम। दो दिन की बारिश ने नगर निगम के दावों की पोल खोलकर रख दी। साहिबाबाद में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर भर गया जिसके कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन निकलते ही शुरू हुई बारिश के कारण साहिबाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित सौर ऊर्जा मार्ग, इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, डेल्टा कॉलोनी, तुलसी निकेतन, कुटी पर हालत बद से बदतर हो गए हैं। महज कुछ घण्टों की बारिश सौर ऊर्जा केंद्र जलमग्न हो गया जिसके वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे ही हालात रैपिड रेल के साहिबाबाद स्टेशन के पास देखने को मिले जहां मोहननगर को जाने वाली सड़क पर भी भारी जलभरव के करण ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी बनी रही । ऐसे ही कुछ हालात साहिबाबाद रेलवे अंडरपास और वसुंधरा रेलवे अंडरपास में भी जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी । बारिश के चलते जहां एक और जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा तो वहीं दूसरी और वसुंधरा सेक्टर 16 स्थित अर्जुन एन्क्लेव में तेज बारिश के कारण एक कार पर पेड़ गिर गया जिसके कारण कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। इंदिरापुरम में भी सुबह हुई बारिश के कारण सुबह के समय ऑफिस जाने वालों और दुकानदारों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे जैसे विधानसभा उपचुनाव का मामला पकड़ रहा है परवान? कोई दावेदार पहुंच गया है बाबा बर्फानी के द्वार? किसी ने नीम करोली में जाकर प्रकट कर दिये हैं बाबा के सामने अपने दिल के विचार? सुना है यहां पर एक ब्राह्मण दावेदार ने भी कर ली है एक बड़ा धार्मिक अनुष्ठान कराने की तैयारी? ये अनुष्ठान लगभग एक महीना चलेगा, जिसकी नहीं लग पायेगी किसी को भी जानकारी?

क्यों कहा कहने वाले ने कि डॉली मैडम को भेज दिया गया है इमेज डिस्ट्रॉय वाला नोटिस? नोटिस में सूबतों के साथ रखी है रखने वालों ने बात? नोटिस में कराया गया है मैडम को उनके द्वारा बोले गये शब्दों का एहसास? जो कागज हाथ में लेकर लगाये थे आरोप? उस पर भी मांगा गया है तथ्यों का प्रूफ? फिलहाल ये नोटिस मीडिया को उजागर नहीं किया जा रहा? कितने की मानहानि का दावा किया है, इस बात को भी एक्सपोज नहीं किया जा रहा?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के बंधन में बंधने के बाद भगवा युवा क्रान्तिकारी त्यागी की राजनीति सुस्त पड़ने का दिया था देने वालों ने सवालों में संकेत? सुना हे इस संकेत को पढ़ने के बाद निकली है कुछ क्रान्तिकारी युवा त्यागी की आवाज? उन्होंने कहा है कि मेरा उतरता हुआ पानी देखकर किनारों पर घर मत बना लेना? मैं लौट कर वापस आऊंगा, मेरा है समंदर वाला एहसास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनाव से पहले 50-50 का संदेश देने वाले पूर्व पार्षद का क्या देंगे गर्ग साहब साथ? सुना है गर्ग साहब के टिकट होने के बाद ये पूर्व पार्षद उनको घर पर देने गये थे बधाई? जहां पर गर्ग साहब ने ही रखी थी उनसे चुनाव जीतने के बाद नाला निर्माण कराने की बात? सुना है पूर्व पार्षद ने नाले को लेकर लैटर पर पूरा मैटर कर लिया है तैयार? देखना अब ये है कि इस मैटर पर 50-50 वाले शब्दों का मामला भारी पड़ेगा? या फिर दिया जायेगा बड़े दिल का दीदार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी रहती है पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप जी पर नजर? जब से हुए हैं वो भगवा, तब से उन्होंने मेहनत का मचाया हुआ है कहर? महर्षि कश्यप जी की मूर्ति की स्थापना से लेकर लगातार वो कर रहे हैं सामाजिक प्रोग्राम? लोकसभा में उन्होंने की थी जोरदार दावेदारी, मगर कंसीडर नहीं हुआ उनका नाम? हम देख रहे हैं अब तक भगवा पार्टी करती है उनकी मेहनत को इग्नोर? देखना ये है कि इतना इग्नोर होने के बावजूद कितना लगाते हैं वो राजनीति करने में जोर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले मैम्बर पहलवान लगता है दो दोस्तों की वजह से खुद को ज्यादा समझ रहे हैं महान? उनको अपने अलावा नहीं दिखाई दे रहा है कोई कार्यकर्ता? ऐसा दे रहा है उनका होर्डिंग ही संदेश? हमने देखा भौपुरा के एक बड़े होर्डिंग पर उन्होंने अपना होर्डिंग लगवा दिया? जिस होर्डिंग पर थे राजकुमार चंदेला और जितेन्द्र सैन जैसे सक्रिय कार्यकर्ताओं के फेस? कुल में दीप जलाने वाले कसाना जी को भी पहलवान की ये बात नहीं लगी ठीक? उन्होंने भी लिख दिया इससे राजनीति का संदेश जाता है वीक?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के दो भगवा मैम्बर भाटियों की इस वक्त लखनऊ के बड़े अधिकारियों के बीच में मजबूत हो गई है लाठी? सुना है जो भी कर्मचारी इनसे मुंह जोरी करता है? उसकी शिकायत कर देते हैं ये लखनऊ के बड़े वाले अधिकारी के पास? शिकायत करते ही हो जाती है सामने वाले पर कार्यवाही? आज कल भगवा भाटियों का जलवा असर दिखा रहा है खास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा भाटियों को मिल गई है इतनी सारी ताकत? फिर भी इनका मामला अभी भी है एक सफाई इंस्पेक्टर के सामने पूरी तरह फेल? सुना है इन्होंने सफाई इंस्पेक्टर की बदसलूकी से नाराज होकर किया था लोकसभा चुनाव से पहले ऐलान? कहा था चुनाव तक तुम और चुनाव के बाद हम? अपने पटल पर नहीं टिक पाओगे श्रीमान? कहने वाले ने कहा चुनाव खत्म हुए भी हो गये हैं दिन खूब? सफाई इंस्पेक्टर अपनी जगह पर कायम है, भगवा भाटियों की खामोशी है इस बात का प्रूफ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक खंड में बंटता है ज्ञान? सुना है यहां पर है मुर्गी की दुकान? इस दुकान पर कोटी वाले लेकर गये थे अतिक्रमण हटाने का संदेश? जिन्हें देखकर हैरान हो गया मुर्गे वाले का फेस? उसने कहा कि आप कौन हो, हमें नहीं है इस बारे में बिल्कुल भी जानकारी? एक मैम्बर के पास लगातार पहुंच रही है ठिया लगाने के एवज में पेशगी हमारी? ये शब्द सुनकर कोटी वाले भी हैं बहुत ज्यादा हैरान? क्योंकि वार्ड उनका है और कोई और निपटा रहा है उनका सामान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि उपचुनाव में चलेगी कांग्रेस इस बार कौन सा दांव? उसके प्रमुख चेहरे तो ऑलरेडी लड़ चुके हैं चुनाव? क्या साइकिल फॉर्मूला होगा इस बार उपचुनाव में अप्लाई? क्या कांग्रेसी होकर चुनाव मैदान में उतरेगा कोई सपाई?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

शहीद प्यारे लाल शर्मा अमर रहे

पुष्पांजलि
जननायक शहीद
प्यारे लाल शर्मा जी
(भूतपूर्व विधायक)
के 99वें जन्म दिवस पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम : 30 जून- 2024
समय: प्रात: 10 बजे
स्थान-:
शहीद प्यारे लाल शर्मा पार्क मालीवाड़ा चौक, गाजियाबाद

पं. सुरेन्द्र कुमार मुन्नी
पूर्व विधायक (गाजियाबाद)
निवेदक: शहीद प्यारे लाल शर्मा, जन विकास परिषद, गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम
पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद करंट क्राइम। जिंदगी में दोस्त ही होते हैं जो खास दिन को हमेशा याद रखते हैं और याद दिलाते हैं।कैलाश यादव ने प्रिय मित्र प्रतीक माथुर को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दीं। इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।